
RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS



एकता कपूर ने बढ़ाई फैंस की उत्सुकता

पेज 07

VOL: 03 | ISSUE 92 | SUNDAY DATE 26-04-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## 4 मई को कमल खिलेगा, टीएमसी का दीपक बुझ रहा है: नितिन नवीन

» **बारानगर, यूटर्न/ 25 अप्रैल।**

पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में पहले चरण के तहत 152 सीटों पर मतदान संपन्न हो चुका है और दूसरे चरण के लिए राजनीतिक दलों की ओर से चुनाव प्रचार तेज कर दिया गया है। शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बारानगर में विशाल रोड शो का नेतृत्व किया।

रोड शो के दौरान नितिन नवीन ने लोगों से मिल रहे प्यार के लिए उनका आभार जताया। आईएएनएस से बातचीत में नितिन नवीन ने कहा कि पश्चिम बंगाल अब अपनी खोई हुई गरिमा वापस पाने और भय की राजनीति को हमेशा के लिए खारिज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सड़कों पर जो रुझान दिख रहा है, वह स्पष्ट संकेत दे रहा है कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी। चार मई को कमल खिलने वाला है। पूरा वातावरण अब भगवामय हो चुका है।

पहले चरण के तहत हुई वोटिंग के दौरान भाजपा प्रत्याशियों पर हुए



हमलों का जिक्र करते हुए नितिन नवीन ने कहा कि यह टीएमसी की गुंडागर्दी का अंतिम दौर है। उन्होंने कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है और 4 मई को पश्चिम बंगाल में भाजपा का कमल खिला हुआ दिखाई देगा। नितिन नवीन ने रोड शो के दौरान लोगों से अपील की कि वे भयमुक्त होकर वोट दें और बंगाल को सुशासन व विकास की राह पर ले जाएं।

राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा और 6 अन्य सांसदों के आप छोड़कर भाजपा में शामिल होने पर नितिन नवीन ने कहा कि अरविंद केजरीवाल का नाम बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार से जोड़ा जा रहा है, तो इससे पार्टी के भीतर काफी असंतोष पैदा होता है। इसी के चलते, कुछ सांसदों ने पार्टी छोड़ने का फैसला किया है। यह इस बात का संकेत है कि पूरे देश में, पीएम नरेंद्र मोदी पर लोगों का भरोसा बढ़ रहा है।

नितिन नवीन के हालिया एक्स पोस्ट के अनुसार, उन्होंने भाजपा के पार्टी मुख्यालय में राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल का स्वागत किया। उन्होंने हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, विक्रम साहनी और राजिंदर गुप्ता को पीएम मोदी के गतिशील नेतृत्व में काम करने के लिए शुभकामनाएं दी।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रवेश की ओर से जारी तस्वीरें केजरीवाल के घर की नहीं, करेंगे मानहानि का मुकदमा : आप

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 25 अप्रैल।** आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार के मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने उनकी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के घर की फर्जी फजी तस्वीरें जारी की हैं और कहा कि इसके लिये पार्टी उन पर मानहानि का मुकदमा करेगी। आप के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय सिंह ने आज यहां चेतावनी दी कि जिन अन्य लोगों ने भी श्री केजरीवाल के घर की फर्जी तस्वीरें प्रचारित की है उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा किया जायेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्री वर्मा द्वारा जारी सारी तस्वीरें फर्जी हैं, जो 'पिंट्रेस्ट' से डाउनलोड की गई हैं। उन्होंने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, एलजी और श्री वर्मा अपना घर जनता के लिए खोल दें, अरविंद केजरीवाल भी अपना घर खोल देंगे।

### बंगाल की जनता ने ममता बनर्जी सरकार को हटाने का मन बना लिया है : जेपी नड्डा

**रैना, यूटर्न/ 25 अप्रैल।** पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के लिए 29 अप्रैल को मतदान होगा। इससे पहले सभी दलों ने मतदाताओं को रिझाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। शनिवार को केंद्रीय मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रैना में रोड शो किया। जेपी नड्डा ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में पहले ही चरण में एकतरफा जनता का फैसला देखने को मिला है। देखा जाए तो पहले चरण में ही भाजपा के पक्ष में और ममता सरकार के विपक्ष में फैसला आ गया है। पश्चिम बंगाल में चोलाबाजी, कमीशनखोरी, लूट सहित कई मुद्दों पर आम आदमी परेशान हो गया है। इसके चलते जनता ने ममता सरकार को हटाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में जनता ने जिस तरह से वोटिंग की है उससे ममता सरकार को भी पता चल गया है कि वो सत्ता से बाहर जा रही हैं।





## गाजीपुर में दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में मोदी योगी जवाब दें : राहुल-प्रियंका

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 25 अप्रैल।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में दुष्कर्म के बाद युवती की हत्या और हत्यारों के दबाव में प्राथमिकी दर्ज नहीं करने वाले पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी जवाब मांगा है। श्री गांधी तथा श्रीमती वाड्रा ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में इस घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति बताया और कहा कि जब तक पीड़िता बेटी जिंदा थी तब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई और प्राथमिकी कराने के लिए आए परिवार के लोगों को धमकियां दी गई। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। श्री गांधी ने कहा, 'उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में विश्वकर्मा समाज की एक बेटी के साथ दुष्कर्म और निर्मम हत्या - और फिर परिवार को एफआईआर दर्ज कराने से रोकने के लिए धमकियाँ, हिंसा। हाथरस, कठुआ, उन्नाव और आज गाजीपुर - यह एक पैटर्न है। मणिपुर की बेटी ने न्याय की राह देखते-देखते दम तोड़ दिया। हर बार वही चेहरा - पीड़ित दलित, पिछड़ी, आदिवासी, गरीब। हर बार वही सच्चाई - अपराधी को संरक्षण, पीड़ित को प्रताड़ना। उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि इस पर कोई कुछ नहीं बोलता है। उनका कहना था कि हर बार वही चुप्पी-सत्ता की, जिन्हें बोलना चाहिए था।

## नीति आयोग बना देश के विकास का मजबूत नीति स्तंभ : मोदी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 अप्रैल।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि नीति आयोग देश की नीति-निर्माण व्यवस्था का एक अहम स्तंभ बनकर उभरा है। यह सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने, सुधारों को आगे बढ़ाने और 'ईज ऑफ लिविंग यानी जीवन की सुगमता' को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ. अशोक कुमार लाहिड़ी को उपाध्यक्ष बनने की बधाई देते हुए, और अन्य पूर्णकालिक सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि यह संस्था अलग-अलग क्षेत्रों में नवाचार और लंबे समय की रणनीति बनाने के लिए एक गतिशील मंच के रूप में काम कर रही है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन किया है। अशोक कुमार लाहिड़ी को उपाध्यक्ष बनने पर मेरी शुभकामनाएं। साथ ही राजीव गौबा, प्रो. के. वी. राजू, प्रो. गोबर्धन दास, प्रो. अभय करंदीकर और डॉ. एम. श्रीनिवास को भी पूर्णकालिक सदस्य बनने पर बधाई।' उन्होंने सभी को उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे प्रभावी और परिणाम देने वाला कार्यकाल पूरा करें। प्रधानमंत्री मोदी ने लाहिड़ी से मुलाकात भी की और उन्हें



उपाध्यक्ष बनने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि अर्थशास्त्र और सार्वजनिक नीति में लाहिड़ी का अनुभव भारत में सुधारों को और मजबूत करेगा और 'विकसित भारत' के लक्ष्य की दिशा में मदद करेगा। प्रधानमंत्री ने भरोसा जताया कि उनके प्रयास देश की नीति-निर्माण प्रक्रिया को और अधिक गतिशील बनाएंगे। अशोक कुमार लाहिड़ी, जो पश्चिम बंगाल विधानसभा में बालुरघाट का प्रतिनिधित्व करते हैं, अर्थशास्त्र के क्षेत्र में लंबा अनुभव रखते हैं।

### नीति आयोग के सदस्य बनाए जाने पर गोबर्धन दास ने प्रधानमंत्री मोदी का किया धन्यवाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने नीति आयोग के ढांचे में बड़ा बदलाव किया और उपाध्यक्ष एवं सदस्य नियुक्त किए। केंद्र ने दक्षिण दिनाजपुर के बालुरघाट से भाजपा विधायक और प्रख्यात अर्थशास्त्री अशोक लाहिड़ी को नीति आयोग का उपाध्यक्ष बनाया, जबकि जाने-माने इम्यूनोलॉजिस्ट गोबर्धन दास को इस संस्था का सदस्य नियुक्त किया गया। इसे लेकर गोबर्धन दास ने पीएम मोदी का धन्यवाद किया। गोबर्धन दास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि आज मेरे जीवन का बहुत अहम दिन है।



## राजनीति के महत्वपूर्ण स्तंभ थे हेमवती नंदन बहुगुणा: योगी

» **लखनऊ, यूटर्न/ 25 अप्रैल।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व सीएम स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर उन्हें नमन किया और योजना भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुगुणा भारत की राजनीति के महत्वपूर्ण स्तंभ थे। उनका जन्म तत्कालीन उत्तर प्रदेश (वर्तमान उत्तराखंड) के पौड़ी गढ़वाल जनपद में 25 अप्रैल 1919 को हुआ था। प्रारंभिक शिक्षा गांव में अर्जित करने के उपरांत उच्च शिक्षा के लिए वह प्रयागराज आ गए थे। 1942 से 1946 तक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आ'ान पर 'भारत छोड़ो आंदोलन' में बहुगुणा जी की सक्रिय सहभागिता रही, जिस कारण ब्रिटिश सरकार ने उन्हें जेल में भी



डाला था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुगुणा ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रखर छात्रनेता के रूप में अपनी छाप छोड़ी। वह देश के स्वाधीनता आंदोलन में लगातार सक्रिय रहे। आजादी के बाद 1952 के पहले आम चुनाव में वह पहली बार उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य बने। उन्हें प्रदेश सरकार के मंत्री के रूप में भी कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ था। उत्तर प्रदेश में विभिन्न विभागों के मंत्री तथा मुख्यमंत्री के रूप में उनकी सेवाएं सराहनीय रहीं। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास को लेकर बहुगुणा का अपना विजन था। उसे आज भी प्रभावी रूप से धरातल पर उतरते हम सभी महसूस कर सकते हैं।

### ममता दीदी की चिंता, हिंदू अधिक हुए तो सड़कों पर कैसे होगी इफ्तारी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के दौरे में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने दो-टूक कहा कि ममता दीदी ने इसीलिए सीएए का विरोध किया था, क्योंकि उन्हें चिंता है कि हिंदू ज्यादा हो गए तो सड़कों पर इफ्तारी कैसे होगी? बंगाल में अराजकता के लिए टीएमसी को जिम्मेदार ठहराते हुए सीएम ने कहा कि यह पार्टी लोकतंत्र में विश्वास नहीं करती। पहले चरण के मतदान में इन लोगों ने भाजपा नेताओं व प्रत्याशियों पर हमला किया।

## अब हर शनिवार छात्रों के लिए खुलेगा दिल्ली विधानसभा परिसर, विजेंद्र गुप्ता की पहल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 अप्रैल।**

लोकतांत्रिक सहभागिता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिल्ली विधानसभा ने आज 'साप्ताहिक यूथ आउटरीच कार्यक्रम' का शुभारंभ किया। यह पहल विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रारंभ की गई, जिसकी शुरूआत महर्षि वाल्मीकि कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीता कॉलोनी के 75 विद्यार्थियों के प्रथम दल के विधानसभा भ्रमण से हुई।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत अब प्रत्येक शनिवार को विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी दिल्ली विधानसभा का दौरा करेंगे, जिससे उन्हें विधायी कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त होगा और लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति उनकी समझ को सुदृढ़ किया जा



सकेगा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को दिल्ली विधानसभा के ऐतिहासिक विकास से अवगत कराया गया। उन्हें बताया गया कि वर्तमान विधानसभा भवन का निर्माण वर्ष 1912 में हुआ था, जो पूर्व में केंद्रीय विधान सभा का स्थल रहा है। साथ ही, विट्ठलभाई पटेल की ऐतिहासिक विरासत का उल्लेख करते हुए यह भी रेखांकित किया गया कि वर्ष 1993 में पुनः स्थापना के बाद से दिल्ली विधानसभा लोकतांत्रिक शासन के एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य कर रही है।

# यूट्यूबर सलीम वास्तिक गिरफ्तार, 25 सालों तक हत्या केस में देता रहा पुलिस को चकमा

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 अप्रैल।



गाजियाबाद के यूट्यूबर सलीम वास्तिक को दिल्ली पुलिस ने 31 साल पुराने हत्या और अपहरण के केस में गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस ने गाजियाबाद से ही सलीम वास्तिव को गिरफ्तार किया, जहां वह पहचान छिपाकर रह रहा था। पुलिस उसे थाना में ले जाकर पूछताछ कर रही है।

अधिकारियों ने बताया कि सलीम वास्तिक की मर्डर और अपहरण के केस में पुलिस को तलाश थी। दिल्ली की कोर्ट से उसे सजा भी हुई थी, लेकिन वह 25 साल से फरार चल रहा था। दिल्ली और उत्तर प्रदेश पुलिस उसे पहचान नहीं सकी। आखिरकार उसे गाजियाबाद से शनिवार की सुबह गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली के गोकलपुरी थाने में सलीम खान के खिलाफ अपहरण, रंगदारी, हत्या का केस दर्ज है। सलीम वास्तिक का असली नाम सलीम खान पुत्र नूरहसन है। वह मूल रूप से शामली के नानूपुरा का रहने वाला है। 20 जनवरी 1995 को सलीम ने दिल्ली के 13 साल के संदीप बंसल का अपहरण किया था। उसके बाद रंगदारी मांगी और फिर हत्या कर दी। जहां पुलिस ने गोकलपुरी थाना में केस दर्ज किया था। 13 साल के बच्चे की हत्या बहुत ही चर्चित थी। उस समय दिल्ली पुलिस ने सलीम को गिरफ्तार करके जेल भेजा था। साल 1997 में उसे आजीवन की सजा हुई। हालांकि, तीन साल बाद 2000 में उसे जमानत दे दी गई। जेल से रिहा होते ही वह फरार हो गया। 25 सालों में वह शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ और गाजियाबाद में छिपकर रहता रहा। पिछले दिनों सलीम चर्चा में तब आया, जब दो महीने पहले 27 फरवरी की सुबह दो भाइयों ने मिलकर उसको उसके घर में 14 चाकू मारे थे। एक महीने तक चले इलाज के बाद सलीम की हालत में सुधार हुआ। उस पर हमले के आरोपी दोनों भाई एनकाउंटर में मारे जा चुके हैं।

## गाजियाबाद में केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग, कड़ी मशक्कत के बाद पाया गया काबू

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 25 अप्रैल।** गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र में स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में शनिवार को भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। फैक्ट्री में ऑक्सीजन टैंक फिलिंग, रेज़िन और पेंट से संबंधित कार्य किया जाता है, जिसके चलते आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दोपहर करीब 2 बजे प्राप्त हुई, जिसके बाद तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की करीब 10 गाड़ियां मौके के लिए रवाना की गईं। आग की गंभीरता को देखते हुए आसपास के जिलों, जिनमें नोएडा समेत अन्य जनपदों से भी अतिरिक्त दमकल गाड़ियों को बुलाया गया। मौके पर पहुंची दमकल टीमों ने तुरंत आग बुझाने का कार्य शुरू किया, लेकिन फैक्ट्री में मौजूद केमिकल और ऑक्सीजन सिलेंडरों के कारण आग तेजी से फैल रही थी। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में रखे रेज़िन के खाली सिलेंडरों ने भी आग पकड़ ली थी, जिससे स्थिति और अधिक गंभीर हो गई। आग की लपटें काफी ऊंचाई तक उठ रही थीं और दूर से ही धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था। स्थानीय लोगों में भय का माहौल बन गया था, हालांकि प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए आसपास के क्षेत्र को सुरक्षित कर लिया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।



## कार की टक्कर में बैटरी रिक्शा चालक की मौत, दो महिलाओं और तीन बच्चों समेत पांच सवारियां घायल

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 अप्रैल।** मॉडल टाउन इलाके में जीबी पंत अस्पताल के डॉक्टर ने अपनी आई 20 कार से ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक नागेंद्र (36) की मौत हो गई। वहीं, पांच सवारी घायल हो गए। घटना के बाद डॉक्टर ने घायलों को अपनी कार से पास के विनायक अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी डॉक्टर सिद्धार्थ के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उत्तर पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब छह बजे पुलिस को रिंग रोड स्थित नारंग आई हॉस्पिटल के पास सड़क हादसे की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही मॉडल टाउन थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। शुरूआती जांच में पता चला कि शाम करीब 6:00 बजे आई 20 कार की टक्कर एक बैटरी रिक्शा से हो गई। जिससे रिक्शा पलट गया। इस घटना में रिक्शा चालक और पांच यात्री घायल हो गए। कार चालक ने तुरंत अपनी गाड़ी से सभी घायलों को विनायक हॉस्पिटल पहुंचाया। इलाज के दौरान रिक्शा चालक की मौत हो गई। वह परिवार समेत मुकुंदपुर में रहते थे। परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं। वहीं, घायल दो महिलाएं और तीन बच्चे का इलाज चल रहा है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। छानबीन में पता चला कि टक्कर मारने वाली कार के चालक डॉक्टर सिद्धार्थ हैं। वह रोहिणी में रहते हैं और जीबी पंत अस्पताल में सीनियर रेजिडेंट (रेडियोलॉजिस्ट) के पद पर कार्यरत हैं। पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया है और मेडिकल जांच कर रही है, ताकि पता चल सके कि घटना के समय वह नशे में तो नहीं थे।

## जहांगीरपुरी हत्या मामलाः दिल्ली पुलिस ने तीन वांछित आरोपियों को लोनी से किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 अप्रैल।** दिल्ली पुलिस ने जहांगीरपुरी थाने में दर्ज हत्या के मामले में तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि वे दिल्ली और उत्तर प्रदेश के लोनी में लगातार अपनी छिपने की जगहें बदलते रहे। पुलिस टीम ने खुफिया जानकारी जुटाते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान शेख इशहाक, दिलशाद और इरफान के रूप में हुई है। ये सभी जहांगीरपुरी के एच-2 ब्लॉक के निवासी हैं। घटना के बाद से तीनों आरोपी फरार चल रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि 5 अप्रैल को जहांगीरपुरी के एच-2 ब्लॉक में एक 17 वर्षीय लड़के की चाकू से हमला करके हत्या की गई थी। जांच के दौरान एक मृतक के भाई ने बताया कि पुरानी रंजिश के कारण आरोपियों ने उसके भाई को रोका और जान से मारने की नीयत से उस पर बार-बार चाकू से वार किए। अस्पताल में ले जाने के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। पीड़ित पक्ष की शिकायत के बाद दिल्ली पुलिस ने जांच के लिए टीम का गठन किया। आरोपियों को पकड़ने के लिए भी टीम बनाई गई। इसी बीच, पुलिस को आरोपियों शेख इसहाक, दिलशाद और इरफान की गतिविधियों के बारे में सूचना मिली। 'मन इंटेलिजेंस और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर टीम ने सफलतापूर्वक आरोपियों का पता लगाया और उन्हें गाजियाबाद के लोनी में सबहापुर अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना गुनाह कबूल किया है। आरोपियों ने बताया कि मृतक और उसके भाई हकीम अली के साथ उनकी पुरानी दुश्मनी थी। यह दुश्मनी तब शुरू हुई जब युवक ने आरोपियों में से एक की पत्नी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया था। 5 अप्रैल को उन्होंने उस लड़के को जान से मारने की साजिश रची।

## कानपुर में भीषण आग में जिंदा जला व्यापारी, बेटे बहू नाती और भतीजी गंभीर

» सुनील बाजपेई



कानपुर, यूटर्न/ 25 अप्रैल। आज शनिवार दोपहर यहां भीषण आग लगने से एक व्यापारी जिंदा जल गया, जबकि गंभीर रूप से घायल उसके बेटे, बहु ,नाती0और भतीजी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

भीषण अग्निकांड की यह घटना घाटमपुर में पुराना डाकखाना रोड स्थित एक मार्केट में हुई। इस हादसे में एक व्यापारी की जिंदा जलकर मौत हो गई। जबकि, उनके बेटे, बहू, नाती और भतीजी झुलस गए। झुलसे लोगों को घाटमपुर सीएचसी से कानपुर रेफर किया गया। दमकल के साथ ही पावर प्लांट की सीआईएसएफ की गाड़ियों को इस आग पर काबू पाने में घंटा लग गए। प्राप्त विवरण के अनुसार पुराना डाकखाना रोड पर 75 वर्षीय रामकिशन गुप्ता उनके भाई सत्यनारायण और राज्जनलाल अपने परिवारों के साथ रहते हैं। घर के नीचे खुद की मार्केट है, जिसमें तीनों भाइयों की कपड़े और किराना की दुकानें हैं। बताया गया कि रामकिशन की लक्ष्मी वस्त्र भंडार नाम से कपड़े की दुकान में शनिवार भोरपहर आग लगी। धुआं उठता देख रामकिशन नीचे उतर कर आए। दुकान का शटर उठाकर देखा तो लपटे और धुआं से घर भर गया। वह शोर मचाते हुए ऊपर की ओर भागे। इस दौरान घर के अन्य सदस्य भी जग गए। इस बीच देखते ही देखते लपटें तेज हो गईं और सभी जान बचाने के लिए छत से चढ़कर दूसरे के घरों से होते हुए निकले। लेकिन, इस दौरान रामकिशन का पता नहीं चला। इसके बाद दमकल को सूचना दी गई। आसपड़ोस के लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की। दमकल जब तक आ पाती आग पूरी तरह से भड़क चुकी थी और पूरे घर को चपेट में ले लिया था। तीन घंटे बाद रामकिशन का शव निकाला गया। पुलिसके अनुसार आग जिस समय लगी घर पर तीनों परिवारों के 14 लोग मौजूद थे। रामकिशन के घर पर उनकी पत्नी गोमती, बेटा हरिओम और बहू और दो नाती थे। सत्यनारायण के घर पर पत्नी और एक बेटी व दो बेटे थे। राज्जनलाल के घर पर पत्नी और दो बच्चे थे। आग से रामकिशन का बेटा हरिओम, बहू श्रेया, चार माह का पौत्र शिवार्थ और सत्यनारायण की बेटी आयुषी झुलस गई।

## महाबंध एक उन्नत योग क्रिया है: ज्योतिषाचार्य मीना

» परमिंदर सिंह



कुरूक्षेत्र, यूटर्न/ 25 अप्रैल। महाबंध एक उन्नत योग क्रिया है, जिससे व्यक्ति योगी बन सकता है ! लेकिन महाबंध करने से पहले खुद को तैयार करना पड़ता है पहले प्राणायाम करें। खासकर दो प्राणायाम कपालभाति एवं अनुलोम विलोम। कम से कम 15 -15 मिनट। अगर इसके बिना आप बंध लगाते है तो शरीर को नुकसान हो सकता है।महाबंध में मूलबंध, उड्डियान बंध और जालंधर बंध का एक साथ अभ्यास किया जाता है। प्राणमय शरीर को ऊर्जा से भर देता है। नाड़ियों को शुद्ध करने, रीढ़ की हड्डी के निचले हिस्से से ऊर्जा को ऊपर उठाने और मन को शांत कर कुंडलिनी शक्ति को जागृत करने में मदद करता है। इससे आप की ऊर्जा उर्ध्वगामी हो जाती है जो सभी चक्रों का भेदन करते हुए सहस्त्रारचक्र पर स्थापित होकर निर्वाण की प्राप्ति करवाती है।

महाबंध कैसे करते है आइए जानते है। स्थितिः सुखासन या पद्मासन में बैठें, रीढ़ की हड्डी सीधी रखें और हथेलियों को घुटनों पर रखें। अपने हिप्स के नीचे तकिया रख सकते है। श्वासः लंबी गहरी गहरी सांस लें (पूरक), फिर पूरी सांस बाहर छोड़ें (रेचक)। सात बार सांस नाक से ले और मुंह से छोड़े। ऐसा करने पर शरीर की नकारात्मक ऊर्जा शरीर से बाहर हो जाती है।

मूलबंध लगाए पहले अपनी गुदा यानि मलद्वार को अंदर की तरफ खींचे। रोक ले। इसके बाद उड्डियान बंध लगाए पेट की मांसपेशियों को अंदर-ऊपर की ओर खींचें। सांस को बाहर निकाल कर रोक ले और और फिर जालंधर बंध लगाए। ठोड़ी को छाती से लगाएं। 10 से 20 सेकंड तक। या आप की जितनी क्षमता हो सांस को रोक सकते है। शुरूआत में 10 से 20 सेकंड तक करना ही उचित होता है धीरे धीरे बढ़ाते जाए। समापनः पहले जालंधर बंध खोले फिर सांस ले यानि जब हम सांस लेंगे तो उड्डियान बंध खुलेगा फिर मूलबंध खोल दे। शांत होकर बैठें और गहरी सांस लें।

## साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क का भंडाफोड़, 8 दिनों में 16 करोड़ के लेन-देन में दो आरोपी गिरफ्तार

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 अप्रैल।




उत्तरी जिले की साइबर पुलिस ने एक बड़े संगठित साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, जो फर्जी बैंक खातों और शेल कंपनियों के जरिए ठगी की रकम को देश और विदेश में भेजकर उसे वैध बनाने का काम कर रहा था। इस कार्रवाई से साइबर अपराध गिरोहों की मजबूत वित्तीय संरचना का खुलासा हुआ है। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल और समन्वय पोर्टल के डाटा विश्लेषण के आधार पर यह मामला सामने आया। जांच के दौरान देशभर में दर्ज 336 साइबर धोखाधड़ी शिकायतों से जुड़े कई संदिग्ध बैंक खातों का पता चला। जांच का केंद्र एक बैंक खाता बना, जो बावना स्थित एक राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा में मेस्सिट ट्रेडेक्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से संचालित था। यह खाता असामान्य और संदिग्ध वित्तीय गतिविधियों के कारण जांच के घेरे में आया और बाद में कई राज्यों में दर्ज साइबर अपराध मामलों से जुड़ा पाया गया।

जांच में सामने आया कि इस खाते में केवल आठ दिनों के भीतर 16 करोड़ से अधिक का लेन-देन हुआ, जो बड़े पैमाने पर मनी लॉन्ड्रिंग और संगठित साइबर अपराध की ओर इशारा करता है। यह खाता मनी ट्रेल के कई स्तरों पर सक्रिय पाया गया और इसके जरिए धन को बार-बार अलग-अलग खातों में घुमाया जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें सोनू कुमार और अमिंदर सिंह शामिल हैं। ये फर्जी कंपनी में डमी डायरेक्टर के रूप में काम कर रहे थे और उनके नाम पर बैंक खाते खोले गए थे, जबकि उनका वास्तविक नियंत्रण साइबर अपराधियों के पास था। जांच में यह भी सामने आया कि यह पूरा नेटवर्क 35 से अधिक शेल कंपनियों से जुड़ा हुआ है, जो देश के विभिन्न हिस्सों में फर्जी तरीके से संचालित की जा रही थीं। दिल्ली के पीतमपुरा, रानी बाग और एनएसपी जैसे क्षेत्रों में इनके संचालन केंद्र पाए गए हैं। पुलिस के अनुसार इस गिरोह का तरीका यह था कि कमजोर और जरूरतमंद लोगों को नौकरी या आसान कमाई का लालच देकर उन्हें फर्जी कंपनियों का निदेशक बनाया जाता था।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# अनंतराम रोड बरवाला में चोपड़ा कंफेक्शनरी एंड बैकरी के नए प्रतिष्ठान का पूर्व विधायक वेद नारंग की उपस्थिति में हुआ मुहूर्त

» हरियाणा, यूटर्न/ 25 अप्रैल।

पिछले कई वर्षों से चंडीगढ़-हिसार मार्ग पर अपनी बेहतरीन सेवाओं और उच्च गुणवत्ता वाली कुल्फी के लिए प्रसिद्ध चोपड़ा कुल्फी भंडार ने अब अनंतराम रोड पर चोपड़ा कंफेक्शनरी एंड बैकरी के नाम से अपनी नई शाखा का भव्य उद्घाटन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक वेद नारंग विशेष रूप से मौजूद रहे और उन्होंने रिबन काटकर नए प्रतिष्ठान का मुहूर्त किया। उद्घाटन समारोह में गौरव चोपड़ा एवं पंकज चोपड़ा ने पावन हवन यज्ञ का



आयोजन कर शुभकामनाओं के साथ नए प्रतिष्ठान के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। क्षेत्रवासियों के लिए जलपान और प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई, और राहगीरों को जलजीरा वितरित किया गया।

पूर्व विधायक वेद नारंग ने चोपड़ा परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चोपड़ा कुल्फी भंडार बरवाला में वर्षों से अपनी साफ-सुथरी और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के लिए पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाला हर व्यक्ति चोपड़ा की कुल्फी का स्वाद लेना चाहता है। उन्होंने नए प्रतिष्ठान चोपड़ा कंफेक्शनरी एंड बैकरी के लिए शुभकामनाएं देते हुए इसकी निरंतर सफलता और समृद्धि की कामना की। चोपड़ा कुल्फी भंडार की नई शाखा चोपड़ा कंफेक्शनरी एंड बैकरी अब अनंतराम रोड पर स्थानीय लोगों और आगंतुकों के लिए कुल्फी, बेकरी एवं कंफेक्शनरी उत्पादों का नया स्वादिष्ट अनुभव लेकर आएगी।

इस अवसर पर नगर परिषद बरवाला चेयरमैन रमेश बैटरीवाला, जिला आईटी सह प्रमुख भाजपा कमल हंदूजा, पूर्व पार्षद विक्की रहेजा, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अखिल भारतीय सेवा संघ एवं बरवाला भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश सलूजा, प्रसिद्ध समाजसेवी सोनू चोपड़ा, राजू नारंग, पूर्व पार्षद राहुल भुक्कल, विजय चोपड़ा, बजरंग जैन समाजसेवी सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें



### कालांवाली के संरक्षक एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष नरेश गर्ग बने 100वें सेवा रत्न

**हरियाणा, यूटर्न/ 25 अप्रैल।** देश सेवा में समर्पित प्रमुख सामाजिक एवं धार्मिक संगठन अखिल भारतीय सेवा संघ द्वारा कालांवाली के नरेश गर्ग को 100 वें सेवा रत्न सम्मान द्वारा नवाजा गया । उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ इन्द्र गोयल एवं राष्टीय सचिव राजिंदर गर्ग ने ये सम्मान दिया । इस अवसर पर प्रांतीय महासचिव आकाश सैन, कालांवाली के शाखा अध्यक्ष डॉ राजेशदीप गोयल, साहिल अरोड़ा,डॉ महेंद्र बंसल आदि ने भी नरेश गर्ग को बधाई दी ।

### दिल्ली में बकाया पैसे मांगने पर हलवाई के दोनों हाथ काटने की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 अप्रैल।

दिल्ली के विजय एन्क्लेव इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। बकाया पैसे मांगने गए एक हलवाई के दोनों हाथ काटने की कोशिश की गई। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 24 अप्रैल 2026 की रात लगभग 8:30 बजे पुलिस को पीसीआर कॉल मिली कि विजय एन्क्लेव में कुछ लोगों ने एक व्यक्ति के हाथ ग्राइंडर से काट दिए हैं। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल लोकेश गुप्ता (32 वर्ष) को पाया। लोकेश विजय एन्क्लेव, डबरी का रहने वाला है, और वह हलवाई का काम करता है तथा टेंट सर्विस भी देता है। जांच में सामने आया कि 20 अप्रैल को आरोपी अजय पाल ने अपनी बेटी की शादी के लिए लोकेश से टेंट सर्विस 2.5 लाख में ली थी। इसमें से करीब 2 लाख रुपए अभी भी बकाया थे। जब लोकेश बकाया राशि मांगने आरोपी के घर गया, तो अजय पाल ने अपने 2-3 साथियों के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया। आरोपियों ने ग्राइंडर से उसके दोनों हाथ काटने की कोशिश की। घायल लोकेश को पहले राशि मेडिकल सेंटर ले जाया गया, जहां से उसे आगे के इलाज के लिए एम्स रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने बताया कि उसे धारदार हथियार से गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने मौके से सबूत इकट्ठा किए और पीड़ित का बयान दर्ज किया। इस मामले में डबरी पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 118(2), 127(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने 53 वर्षीय आरोपी अजय पाल को घटना के कुछ ही घंटों बाद गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही दो नाबालिगों को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस अब बाकी आरोपियों की तलाश कर रही है और पूरे मामले की विस्तृत जांच जारी है। यह घटना दिल्ली में छोटे व्यापारियों और सर्विस देने वालों के साथ हो रहे शोषण और हिंसा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े करती है। पुलिस ने कहा कि ऐसे जघन्य अपराधों में किसी भी तरह की नरमी नहीं बरती जाएगी और दोषियों को सख्त सजा दिलाई जाएगी।

# प्रवेश वर्मा ने इंटरनेट से डाउनलोड तस्वीर को केजरीवाल का घर बताया: आतिशी

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 अप्रैल।



दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा ने शनिवार को अरविंद केजरीवाल को मिले सरकारी बंगले की तस्वीर साझा करते हुए इसे आलीशान और शीशमहल बताया है। इस बयान पर दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने पलटवार किया और तस्वीर को फर्जी करार दिया है।

आतिशी ने एक्स पोस्ट पर लिखा, 'प्रवेश वर्मा द्वारा जारी की गई सारी तस्वीरें फर्जी हैं। वे केजरीवाल के घर की तस्वीरें नहीं हैं। किसका घर कितना आलीशान है, इसका पता करने के लिए रेखा गुप्ता और एलजी साहिब अपना-अपना घर खोल दें और अरविंद केजरीवाल अपना घर खोल देंगे। जनता खुद तय कर लेगी।'

वहीं, दूसरे पोस्ट में आतिशी ने कहा, 'आज भाजपा के मंत्री प्रवेश सिंह ने पूरी मीडिया को बुलाकर अरविंद केजरीवाल के तथाकथित नए घर की तस्वीरें दिखाईं। लेकिन मजे की बात ये है कि ये तस्वीरें केजरीवाल के घर की नहीं, बल्कि पिंटरेस्ट से डाउनलोड की गई हैं! क्या दिन आ गए हैं इनके, जब केजरीवाल के खिलाफ कुछ मिलता नहीं तो इंटरनेट से उठाई गई तस्वीरों के दम पर झूठे दावे किए जा रहे हैं। प्रवेश वर्मा, इससे बेहतर तो आप एआई का इस्तेमाल कर लेते। चोरी इतनी जल्दी तो नहीं पकड़ी जाती।'

वहीं, आप नेता सौरभ भारद्वाज ने राघव चड्ढा सहित 7 राज्यसभा सांसदों के भाजपा विलय पर तंज कसा है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'हमारे कई कार्यकर्ता और स्वयंसेवक भाजपा में शामिल होने वाले 7 सांसदों के बारे में फोन और मैसेज कर रहे हैं। हमें एक बात समझनी चाहिए - भाजपा सरकार सवालों से डरती है। वे नहीं चाहते कि विपक्षी दल, जो असहज सवाल उठाते हैं, सत्ता में आएं। आप का मकसद कभी भी राज्यसभा के उन 7 सांसदों का नहीं था, आप उन स्वयंसेवकों के बारे में है, जिन्होंने पार्षद का टिकट तक नहीं मांगा और फिर भी करियर, परिवार, पढ़ाई अपना सब कुछ त्याग दिया। बड़े नेता, जिनके पास बहुत पैसा है, ईडी से डर सकते हैं, लेकिन आपके स्वयंसेवक नहीं डर सकते। हमें सवाल पूछते रहना चाहिए।' दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आज एक बार फिर आपके सामने वे लोग हैं, जो दिल्ली की जनता को धोखा देते आ रहे हैं। अन्ना आंदोलन का सहारा लेकर, महात्मा गांधी, शहीद भगत सिंह और बाबासाहेब अंबेडकर की तस्वीरों का सहारा लेकर, आम आदमी पार्टी की टोपी पहनकर जिन्होंने एक रुपये के स्टाम्प पेपर पर यह हलफनामा दिया था कि 'मैं सरकारी घर नहीं लूंगा, बंगला नहीं लूंगा, गाड़ी नहीं लूंगा', जो अपने बच्चों की झूठी कसम खाते हैं। दिल्ली के 'रहमान डकैत' निकले हैं। उन्होंने खास तौर पर केजरीवाल के नए सरकारी आवास का जिक्र करते हुए कहा कि वे वर्षों तक अदालतों में जाकर सरकारी घर की मांग करते रहे।

# बी.के. भारती की पांचवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं हवन यज्ञ आयोजित



## भारती सेवा सदन धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में गणमान्य लोगों ने दी श्रद्धांजलि, समाज सेवा के कार्यों को किया याद

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 25 अप्रैल। शहर के हरि नगर स्थित भारती सेवा सदन धर्मशाला में स्वर्गीय बी.के. भारती की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिवारजनों, अखिल भारतीय सेवा संघ के सदस्यों तथा शहर के अनेक सामाजिक, धार्मिक व गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत हवन यज्ञ से की गई, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने आहुतियां डालकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके पश्चात श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसमें सभी ने स्व. बी.के. भारती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

**संस्थापक के रूप में समाज को दिया अमूल्य योगदान:** संस्था के प्रधान जितेंद्र भारती ने बताया कि स्व. बी.के. भारती न केवल संस्था के संस्थापक थे, बल्कि उन्होंने अपने जीवन को पूरी तरह समाज सेवा के लिए समर्पित किया। उनके मार्गदर्शन में संस्था ने अनेक सामाजिक कार्य किए, जिनका लाभ समाज के हर वर्ग को मिला। उन्होंने कहा कि आज भी संस्था उनके दिखाए मार्ग पर चलकर सेवा कार्यों को आगे बढ़ा रही है।

**गणमान्य लोगों की रही विशेष उपस्थिति**

कार्यक्रम में अखिल भारतीय सेवा संघ के अध्यक्ष हेमंत आहूजा, पंजाबी कल्याण मंच के अध्यक्ष इन्द्र शर्मा, वी.एल. शर्मा, अरूट महासभा के प्रतिनिधियों के अलावा पूर्व मेयर गौतम सरदाना, शुभम वलेचा, सोमनाथ वधवा, ओम प्रकाश असीजा, मेहर चंद मनचंदा, सुभाष कुकरेजा, भीम सैन, मनोहर लाल नांगरू सहित शहर के कई प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे। सभी ने स्व. बी.के. भारती के सामाजिक कार्यों और उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी।

श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए कहा कि स्व. बी.के. भारती, जो सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य भी रहे, ने अपना संपूर्ण जीवन समाज की सेवा में समर्पित कर दिया था। वे हर किसी के सुख-दुख में सहभागी बनते थे और लोगों का मार्गदर्शन करते रहते थे। उनकी सरलता, सेवा भावना और मिलनसार स्वभाव के कारण वे समाज में विशेष पहचान रखते थे।

# अगर आप सही तरीके से काम कर रही होती तो शायद नेता साथ न छोड़ते: अन्ना हजारे

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 अप्रैल।

आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा समेत अन्य सांसदों द्वारा पार्टी से इस्तीफा देने पर सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में किसी भी नेता को यह अधिकार है कि वह अपनी पसंद के अनुसार किसी भी राजनीतिक दल में जाए या वहां से अलग हो जाए।

हालांकि, हजारे ने साथ ही इस तरह के फैसलों के पीछे के कारणों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने संकेत दिया कि यदि कोई नेता अपनी पार्टी छोड़ता है, तो इसके पीछे जरूर कुछ आंतरिक समस्याएं या असंतोष हो सकता है। उनके अनुसार, 'अगर पार्टी सही तरीके से काम कर रही होती तो शायद नेता उसे छोड़ने का फैसला नहीं करते।' इस घटनाक्रम पर भाजपा नेताओं ने आम आदमी पार्टी पर तीखे हमले किए हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी



सिंह बघेल ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी आजादी के बाद सबसे कम समय में भ्रष्टाचार के मामलों में सबसे अधिक लिप्त रहने वाली पार्टी बन गई है। भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि 2013-14 के आसपास बनी आम आदमी पार्टी के कई संस्थापक सदस्य और कार्यकर्ता समय-समय पर पार्टी छोड़ते रहे हैं। उन्होंने पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनकी कार्यशैली से असंतोष बढ़ा है। भाजपा नेता आरपी सिंह ने भी इसी तरह के आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी पार्टी में लोग असंतुष्ट हैं और यह अभी से नहीं है। चाहे योगेंद्र यादव हों, शाजिया इल्मी हों, प्रशांत भूषण हों या कुमार विश्वास हों, कई सारे लोग आम आदमी पार्टी छोड़ चुके हैं। स्पष्ट है कि उनकी (अरविंद केजरीवाल) पार्टी में लोग उनके कार्यों से नाराज हैं।' भाजपा पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने कहा, 'अरविंद केजरीवाल को अपने नेतृत्व के तरीके पर विचार करना होगा। आम आदमी पार्टी, जो कभी एक वैकल्पिक शक्ति बनने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ी थी, अब अपने उस मूल लक्ष्य से भटक गई है। यह उसी बदलाव का नतीजा है। वे लोकतंत्र की बात करते हैं, लेकिन पार्टी के भीतर कोई आंतरिक लोकतंत्र नहीं है। अगर वे लोग जो पार्टी में शामिल हुए थे और कभी केजरीवाल के करीबी सहयोगी थे, अब पार्टी छोड़ रहे हैं तो इससे पता चलता है कि संगठन के भीतर सब कुछ ठीक से नहीं चल रहा है।'

# केजरीवाल इतिहास के सबसे शौकीन व्यक्ति, नया आवास भी शीशमहल जैसा बनाया: प्रवेश सिंह

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इतिहास का सबसे शौकीन व्यक्ति करार देते हुए शनिवार को कहा कि उन्होंने अपना नया आवास भी 'शीशमहल' जैसा बना लिया है। दिल्ली सरकार के लोक निर्माण मंत्री एवं भाजपा नेता प्रवेश साहिब सिंह ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आप का मतलब 'आलीशान आदमी पार्टी' है। इस दौरान, उन्होंने श्री केजरीवाल के नये आवास की तस्वीर जारी करते हुए उनकी तुलना फिल्म 'धुरंधर' के 'रहमान डकैत' से की और कहा कि उन्होंने अब यहां दूसरा 'शीशमहल' बना लिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव हारने के बाद श्री केजरीवाल पंजाब चले गये थे। वहां मुख्यमंत्री भगवंत मान के सरकारी आवास के आस-पास चार घरों पर श्री केजरीवाल, तथा आप नेता सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह ने कब्जा कर लिया था। श्री भगवंत मान भी इसके कारण उनसे परेशान थे। गौरतलब है कि अदालत के आदेश के बाद केन्द्र सरकार ने श्री केजरीवाल को दिल्ली में 95, लोधी एस्टेट स्थित सरकारी आवास आवंटित किया था, जिसमें उन्होंने शुक्रवार को परिवार के साथ प्रवेश कर लिया। श्री सिंह ने श्री केजरीवाल के इस आवास की मरम्मत में हुए खर्च को लेकर उन पर हमला बोला।



## फटाफट खबरें

### तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, दंपती व बच्चे चोटिल

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 25 अप्रैल।** मोहन नगर में तेज रफ्तार कार ने आगे जा रही गाड़ी में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार दिल्ली के शाहदरा स्थित रामनगर निवासी जयश्री जाटव, उनके पति और बेटा घायल हो गए। वहीं, आरोपी कार चालक जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। हादसा 19 अप्रैल का है और पुलिस ने 23 अप्रैल की रात दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस को दी शिकायत में जयश्री ने बताया कि 19 अप्रैल की रात वह गाजियाबाद अपने बहनोई के घर गई थीं। वहां से लौटते समय उनके पति कार चला रहे थे। मोहन नगर में तेज रफ्तार गाड़ी ने उनकी कार में पीछे से टक्कर मार दी और वह तीनों लोग चोटिल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि चालक की तरफ का दरवाजा जाम हो गया और खुला भी नहीं। जब पति ने शीशा नीचे कर आरोपी चालक से विरोध जताया तब वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। किसी काम से उनके देवर स्कूटी से गाड़ी के पीछे-पीछे जा रहे थे तो आरोपी की कार का नंबर प्लेट सहित फोटो खींच लिया है। प्रभारी एसीपी साहिबाबाद अमित सक्सेना ने बताया कि कार नंबर से गाड़ी ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी टीम खंगाल रही है। जल्द ही चालक को गिरफ्तार किया जाएगा।

### पति व पूर्व प्रेमी पर अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 25 अप्रैल।** क्षेत्र की रहने वाली एक विवाहिता ने अपने पति और पूर्व प्रेमी समेत 5 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पति व पूर्व प्रेमी पर महिला ने अश्लील वीडियो वायरल करने का भी आरोप लगाया है। 23 अप्रैल की रात पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2022 में उनकी शादी से पहले वह प्रेम-प्रसंग में थीं। शादी से पहले ही उन्होंने पति व ससुरालियों को इसके बारे में जानकारी दे दी थी। आरोप है कि एक माह पहले प्रेमी अंकित उनके पति से मिला। इसके बाद पति और अंकित व अन्य लोगों ने उसकी अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर उसे बदनाम कर दिया। इस वजह से वह मानसिक तनाव झेल रही हैं। यहां तक कि वह घर से बाहर तक नहीं निकल पा रही हैं। प्रभारी एसीपी साहिबाबाद अमित सक्सेना ने बताया कि वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटवाने के लिए साइबर सेल की टीम काम कर रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

# दिल्ली के पंजाबी बाग में आग से सैकड़ों झुग्गियां चपेट में, लक्ष्मी नगर में 14 लोग बचाए गए

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 अप्रैल।**



दिल्ली के पंजाबी बाग इलाके के पास एक झुग्गी बस्ती में शुक्रवार देर रात भीषण आग लग गई। इस आग ने देखते ही देखते झुग्गियों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। वहीं, लक्ष्मी नगर पुलिस थाना क्षेत्र के रमेश पार्क में भी तीन इमारतों में आग लगने की घटना सामने आई। पंजाबी बाग के शकूरबस्ती स्थित रैन बसेरा झुग्गियों में रात करीब 11 बजे आग लगी थी। आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को अपने परिवार के सदस्यों को लेकर भागना पड़ा। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 16 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और बचाव कार्य शुरू किया।

दमकलकर्मियों ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त दराडे शरद भास्कर ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

पुलिस अब आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुटी है। साथ ही, आग से हुए नुकसान का भी आकलन किया जा रहा है। रमेश पार्क की घटना में भी दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। शुक्रवार देर रात लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया था। झुग्गी बस्ती में स्थित सैकड़ों घर इसकी चपेट में आ गए थे।

### लक्ष्मी नगर में आग से इमारतें चपेट में, 14 लोग बचाए

पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में शनिवार तड़के एक इलेक्ट्रिक ट्रांसफार्मर में भीषण आग लग गई। यह आग कई आवासीय इमारतों में फैल गई, जिसके बाद कम से कम चौदह लोगों को सुरक्षित बचाया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार, आग की सूचना रमेश पार्क में नानक मोटर के पास रात करीब 12:30 बजे मिली थी। सूचना मिलते ही शुरूआती अग्निशमन इकाइयां तुरंत मौके पर भेजी गईं। हालांकि, आग जल्द ही और तेज हो गई और विकराल रूप ले लिया। आग पर काबू पाने के लिए कुल सात वाटर टेंडर के साथ अन्य अग्निशमन वाहन भी तैनात किए गए। अधिकारी ने बताया कि आग ट्रांसफार्मर से तीन पड़ोसी आवासीय इमारतों तक फैल गई थी। इस भीषण आग से कुल चौदह फ्लैट प्रभावित हुए। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। अग्निशमन कर्मियों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आग में फंसे लोगों को बाहर निकाला।

### पेंशन कार्ड बनाने के नाम पर बुजुर्ग से 9.13 लाख की साइबर ठगी

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 25 अप्रैल।** सेक्टर-88 स्थित आरपीएस पाम निवासी बुजुर्ग से जालसाजों ने पेंशन कार्ड बनाने के नाम पर 9,13,000 रुपये की साइबर ठगी कर ली। घटना 21 और 22 अप्रैल की है, जिसकी शिकायत पर साइबर अपराध थाना सेंट्रल ने 23 अप्रैल को संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पीड़ित ब्रिज कुमार सिंघल (72) के अनुसार, 21 अप्रैल को उनके पास एक अनजान मोबाइल नंबर से फोन आया। कॉलर ने खुद को बैंक प्रतिनिधि बताकर पेंशन कार्ड बनाने का झांसा दिया और एक ऑनलाइन फॉर्म भरवाया। इस दौरान पीड़ित से उनके आधार की गोपनीय कॉपी और डेबिट कार्ड की जानकारी ली गई और एक संदिग्ध एप इंस्टॉल करवाई।

### मोबाइल की दुकान में चोरी में शामिल आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 25 अप्रैल।** अपराध शाखा सोहना की पुलिस ने पंजाबी धर्मशाला के पास मोबाइल की दुकान में चोरी करने के मामले में संलिप्त आरोपी को नूंह के मेवली गांव से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से तीन मोबाइल भी बरामद किए हैं। दुकान से चोरी मामले में अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नूंह के मेवली गांव निवासी निजामु उर्फ निजामुद्दीन (34) के रूप में हुई है। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर दुकान का ताला तोड़कर मोबाइल, मोबाइल के पार्ट्स सहित अन्य सामान चोरी किया था। आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड खंगालने पर पता चला कि उस पर चोरी करने सहित विभिन्न धाराओं के तहत दो मामले नूंह में पहले भी दर्ज हैं।

## कार चालक ने दिल्ली में यातायात पुलिस के एएसआई को मारी टक्कर, वाइपर पर लटक बचाई जान, वाहन चालक फरार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 अप्रैल।**




जीटीबी एन्क्लेव इलाके में लालबत्ती पर गाड़ियों की तलाशी के दौरान कार चालक ने यातायात पुलिस के एएसआई को टक्कर मार दी। एएसआई ने कार को रुकने का इशारा किया था। टक्कर लगते ही एएसआई कार के बोनट पर गिर गए। इसके बावजूद चालक कार नहीं रोकी और कार की स्पीड बढ़ा दी। एएसआई ने कार में लगे वाइपर पकड़कर अपनी जान बचाई। इस दौरान चालक उन्हें करीब सौ मीटर तक घसीटता रहा। कार का वाइपर टूट जाने पर वह नीचे गिर घायल हो गए। आरोपी चालक कार समेत भाग गया। पुलिस आरोपी चालक की तलाश कर रही है। विकास कुमार (48) परिवार के साथ गुलमोहर ग्रीन सोसाइटी, मोहन नगर, गाजियाबाद इलाके में रहते हैं। वह दिल्ली पुलिस के यातायात विभाग में एएसआई के पद पर कार्यरत हैं और उनकी तैनाती शाहदरा सर्कल में है। जीटीबी एन्क्लेव थाने में दर्ज प्राथमिकी में उन्होंने बताया कि 21 अप्रैल को वह जीटीबी अस्पताल के लालबत्ती पर हवलदार गौरव त्यागी के साथ तैनात थे। गौरव उनसे करीब 15 से 20 मीटर दूरी पर खड़े थे। शाम करीब 4:50 बजे काले रंग की आई-20 कार आती दिखाई दी। शीशा काला होने की वजह से उन्होंने चालक को कार रोकने का इशारा किया। चालक ने कार की रफ्तार बढ़ा दी। फिर उसने कार की रफ्तार कम कर दी। जैसे ही वह कार के सामने आए। उसने स्पीड बढ़ाकर उन्हें टक्कर मार दी। वह उछलकर बोनट पर गिर गए।

# रास्ता पूछने के बहाने चौकी के पास युवक से डेढ़ लाख और कार लूटी

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 25 अप्रैल।**



सिकंदरपुर पुलिस चौकी के पास पांच बदमाशों ने एक व्यक्ति से रास्ता पूछने के बहाने कार रुकवाई और फिर जबरन डेढ़ लाख रुपये और कार लूटकर भाग गए। पीड़ित की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। इसके बाद पीड़ित ने शिकायत दी तो पुलिस ने रिपोर्ट लिखने से इन्कार कर दिया। आरोप है कि पुलिस कमिश्नर से भी शिकायत की लेकिन फिर भी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। घटना सात नवंबर 2025 को हुई थी और 23 अप्रैल को अदालत के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

उत्तरी पूर्वी दिल्ली के करावल नगर निवासी वीरेंद्र जैसवाल ने अदालत में प्रस्तुत किए प्रार्थना पत्र में बताया कि सात नवंबर-2025 को गाजियाबाद के टीलामोड़ थाने की सिकंदर चौकी से महज 100 मीटर दूरी पर लूट को अंजाम दिया। एक युवक ने उनकी कार रुकवाई और रास्ता पूछा। इतने में उसके चार और साथी आ गए और उन्होंने डरा धमकाकर गेट खुलवाया। इसके बाद सभी आरोपी कार में सवार हो गए। इसका उन्होंने विरोध किया तो उनके साथ आरोपियों ने मारपीट भी की। इस दौरान बदमाशों ने डेढ़ लाख की नकदी लूटी और कार से बाहर धकेल दिया। इसके बाद कार भी लूटकर ले गए। पुलिस से शिकायत की तो डायल-112 आई और उसके कर्मियों ने चौकी जाने के लिए कहा। वह पहले चौकी और फिर थाने गए लेकिन दोनों जगह रिपोर्ट दर्ज करने से इन्कार कर दिया। इसके बाद 14 नवंबर को पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर से भी शिकायत की इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। इसके बाद उनको अदालत की शरण में जाना पड़ा। अब अदालत के आदेश पर पुलिस ने लूट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज क्यों नहीं की है इसके पीछे क्या कारण थे। संबंधित अधिकारियों पर लगे आरोप की जांच की जाएगी।

# गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड, आज भी आसमान से बरसेगी आग; राजधानी में अभी कुछ दिन नहीं मिलने वाली राहत

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 अप्रैल।**



देश के उत्तरी और मध्य हिस्सों में इस बार अप्रैल महीने में ही भीषण गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। शुक्रवार को दिल्ली में तापमान तीन साल का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 41.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो कि सामान्य से 4.2 डिग्री अधिक है। इससे पहले वर्ष 2022 अप्रैल में तीन दिन तापमान 42 डिग्री से अधिक और तीन दिन 43 डिग्री से अधिक दर्ज हुआ था। इस तरह से शुक्रवार को इस सीजन का सबसे गर्म दिन भी रहा। दिन के साथ-साथ रात भी गर्म रही, इस कारण से न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**कब-कब पड़ी कितनी गर्मी:** वर्ष 2023 में 15, 16, 17 व 18 अप्रैल को अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा था। वर्ष 2024 में केवल 26 अप्रैल को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री और वर्ष 2025 में सात अप्रैल को 40.2, आठ अप्रैल को 41.0, व 09 अप्रैल को 40.5 डिग्री और 26 अप्रैल को 42.1 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा था।

**लू का यलो अलर्ट:** इससे पहले गुरुवार (23 अप्रैल 2026) को भी 41.7 डिग्री तापमान के साथ इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा था। शुक्रवार को दिल्ली के विभिन्न इलाकों में तापमान और भी ज्यादा दर्ज किया गया। रिज क्षेत्र सबसे गर्म रहा, यहां तापमान 43.1 डिग्री, आयानगर में 42.5 डिग्री, पालम में 42 डिग्री और लोधी रोड में 41.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। दिन भर सूरज की तपिश ने लोगों का हाल बेहाल किया। कई इलाकों में लू की स्थिति रही। मौसम विभाग ने पहले ही 24 व 25 अप्रैल के लिए लू का यलो अलर्ट जारी किया हुआ है।

**दिल्ली के अलावा इन राज्यों में लू चलने की चेतावनी:** वहीं दिन के साथ रात का तापमान भी अधिक होने के कारण लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। मौसम विभाग ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में लू चलने की चेतावनी जारी की हुई है।

**28 अप्रैल से तापमान में हो सकती है कमी**

25 अप्रैल से 27 अप्रैल तक अधिकतम तापमान 42-44 डिग्री तक रहने की संभावना है। दिल्ली-एनसीआर में 25 से 27 अप्रैल के बीच लू के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं। हालांकि 27 अप्रैल को हल्की बारिश और गरज-चमक के साथ मौसम में बदलाव हो सकता है। 28 अप्रैल से पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से तापमान में कुछ गिरावट आ सकती है। जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है।

28 अप्रैल को तापमान 40-42 डिग्री के बीच और न्यूनतम तापमान 26-28 डिग्री के बीच रह सकता है। जबकि 29 अप्रैल को तापमान 39-41 डिग्री के बीच और 30 अप्रैल को 38-40 के बीच रहने का अनुमान है।

**हीट वेव से बचाव के हर स्तर पर पुख्ता इंतजाम हों : मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता:** दिल्ली में बढ़ती गर्मी और संभावित हीट वेव को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को हीट वेव एक्शन प्लान 2026 की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए साफ कहा कि सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक हीट वेव से होने वाली मौतों को शून्य तक लाना है।

उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि इस दिशा में हर स्तर पर पुख्ता, समयबद्ध और जमीनी इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं।

# वैश्विक एआई दौड़ के बीच गूगल एन्थ्रोपिक में 40 अरब डॉलर तक का करेगा निवेश

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 अप्रैल।**



अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनी गूगल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की दौड़ में बड़ा दांव खेलते हुए एआई कंपनी एन्थ्रोपिक में 40 अरब डॉलर तक निवेश करने की योजना बनाई है। यह कदम ऐसे समय पर उठाया गया है, जब दुनियाभर की बड़ी टेक कंपनियां एडवांस एआई मॉडल और इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से निवेश कर रही हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस प्रस्तावित निवेश में शुरुआती तौर पर 10 अरब डॉलर का निवेश किया जाएगा, जो एन्थ्रोपिक के 380 अरब डॉलर के वैल्यूएशन पर आधारित होगा। इसके बाद बाकी 30 अरब डॉलर का निवेश कंपनी के प्रदर्शन से जुड़े लक्ष्यों के आधार पर किया जाएगा।

यह निवेश दोनों कंपनियों के बीच पहले से चल रही साझेदारी को और मजबूत करता है। इस साझेदारी के तहत गूगल, एन्थ्रोपिक को क्लॉड इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराता है और उसके एआई मॉडल, खासकर क्लॉड सीरीज तक पहुंच देता है।

इसके अलावा, एन्थ्रोपिक, गूगल के कस्टम टेंसर प्रोसेसिंग यूनिट्स (टीपीयू) का इस्तेमाल करता है, जो पारंपरिक ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स (जीपीयू) का एक विकल्प हैं। एआई टूल्स की बढ़ती मांग के कारण कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर पर दबाव बढ़ता जा रहा है। इसी को देखते हुए एन्थ्रोपिक ने हाल ही में गूगल और ब्रॉडकॉम के साथ मिलकर 5 गीगावाट कंप्यूट क्षमता हासिल की है और इसे आगे और बढ़ाने की योजना है।

दिलचस्प बात यह है कि साझेदारी के बावजूद दोनों कंपनियां एआई बाजार में एक-दूसरे की प्रतिस्पर्धी भी हैं। गूगल के जेमिनी मॉडल, एन्थ्रोपिक के एआई मॉडल्स को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। गूगल ने 2023 में पहली बार एन्थ्रोपिक में 300 मिलियन डॉलर का निवेश किया था, जिससे उसे लगभग 10 प्रतिशत हिस्सेदारी मिली थी। बाद में यह निवेश 3 अरब डॉलर से ज्यादा हो गया और डील से पहले उसकी हिस्सेदारी करीब 14 प्रतिशत बताई जा रही थी।

एन्थ्रोपिक की स्थापना 2021 में ओपन एआई के पूर्व शोधकर्ताओं ने की थी, और इसके क्लॉड मॉडल्स को तेजी से लोकप्रियता मिली है। कंपनी की सालाना आय 30 अरब डॉलर के पार पहुंच चुकी है।

इससे पहले अमेजन भी एन्थ्रोपिक में 5 अरब डॉलर का निवेश कर चुका है और 20 अरब डॉलर तक के अतिरिक्त निवेश की प्रतिबद्धता जता चुका है।

## फटाफट खबरें

### आरबीआई ने बंधन बैंक पर 41.8 लाख का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 अप्रैल।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियामक मानदंडों का उल्लंघन करने पर सख्त रुख अपनाया है। केंद्रीय बैंक ने बंधन बैंक और मुथूट हाउसिंग फाइनेंस कंपनी पर अलग-अलग मौद्रिक जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई केवाईसी नियमों, जोखिम मूल्यांकन और निष्पक्ष व्यवहार संहिता के अनुपालन में कमी के कारण की गई है, जिसका उद्देश्य वित्तीय प्रणाली में अनुशासन बनाए रखना है। रबीआई ने बंधन बैंक पर 41.8 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) नियमों और जोखिम मूल्यांकन से जुड़े दिशानिर्देशों का सही तरीके से पालन न करने के कारण लगाया गया है। केंद्रीय बैंक ने पाया कि बैंक कुछ खातों की जोखिम श्रेणी की समय-समय पर समीक्षा करने में विफल रहा और निदेशक से जुड़े ऋण को भी मंजूरी दी गई।

### जेएफई स्टील 15,750 करोड़ का निवेश कर 50 फीसदी हिस्सेदारी लेगा

**भुवनेश्वर, यूटर्न/ 25 अप्रैल।** ओडिशा सरकार ने राज्य के औद्योगिक परिदृश्य को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने भारतीय दिग्गज जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड और जापान की जेएफई स्टील कॉरपोरेशन के बीच एक संयुक्त उद्यम की स्थापना में सहयोग किया। इस ऐतिहासिक साझेदारी के तहत, संबलपुर जिले में इस्पात संयंत्र के विस्तार के लिए कुल 32,000 करोड़ रुपये का विशाल निवेश किया जाएगा, जिससे राज्य में उच्च मूल्य वाले इस्पात निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। अधिकारियों ने बताया कि यह समान साझेदारी वाला संयुक्त उद्यम, भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड के रेंगाली स्थित एकीकृत इस्पात संयंत्र का विस्तार करेगा, जिसे अब जेएसडब्ल्यू समूह संचालित कर रहा है। जापानी भागीदार जेएफई स्टील लगभग 15,750 करोड़ रुपये का निवेश कर इस संयुक्त उपक्रम में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी लेगा। परियोजना की कुल लागत 32,000 करोड़ रुपये होगी और इससे संयंत्र की उत्पादन क्षमता 45 लाख टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) से बढ़कर 10 एमटीपीए हो जाएगी। विस्तारित संयंत्र में हॉट-रोल्ड स्टील, कोल्ड-रोल्ड स्टील, बार, वायर रॉड और पाइप जैसे उच्च मूल्य वाले उत्पादों का उत्पादन होगा।

## जियोस्टार का राजस्व 2025-26 में 36,248 करोड़ रुपये रहा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 अप्रैल।**

मीडिया और मनोरंजन मंच जियोस्टार ने कहा कि मार्च तिमाही के दौरान उससे 9,784 करोड़ रुपये का सकल राजस्व और 419 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया। रिलायंस के मीडिया व्यवसाय और वैश्विक मीडिया दिग्गज वॉल्ट डिज्नी के भारतीय व्यवसाय के विलय के बाद बने संयुक्त उद्यम जियोस्टार का वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक सकल राजस्व 36,248 करोड़ रुपये रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के अनुसार जियोस्टार की सदस्यता राजस्व वृद्धि पूरे वर्ष डिजिटल और टीवी दोनों में मजबूत रही। बयान में कहा गया कि यह वृद्धि खेल कार्यक्रमों की विस्तृत श्रृंखला और प्रमुख मनोरंजन फ्रेंचाइजी में रिकॉर्ड जुड़ाव के कारण हुई है। इस संयुक्त उद्यम के पास अधिकांश प्रमुख क्रिकेट प्रसारण अधिकार हैं और उसने तिमाही के दौरान औसतन 50 करोड़ मासिक सक्रिय उपयोगकर्ता दर्ज किए।

## टेक्नोलॉजी बदल रही ट्रेडिंग, निवेश और सलाह के तरीके: सेबी चेयरमैन

» **मुंबई, यूटर्न/ 25 अप्रैल।**



सेबी यानी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने शनिवार को कहा कि टेक्नोलॉजी तेजी से ट्रेडिंग, निवेश वितरण और सलाह देने के तरीके को बदल रही है, क्योंकि बाजार में नई पीढ़ी के निवेशक आ रहे हैं। देश की आर्थिक राजधानी में सेबी के 38वें स्थापना दिवस समारोह में बोलते हुए उन्होंने कहा कि आज के निवेशक डिजिटल रूप से जुड़े हुए, जागरूक और महत्वाकांक्षी हैं। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी के कारण ट्रेडिंग, निवेश सेवाएं और सलाह देने के तरीके बदल रहे हैं, साथ ही पूंजी का प्रवाह अब वैश्विक हो गया है और जोखिम भी आपस में जुड़े हुए हैं।

पांडे ने भारतीय शेयर बाजार में आए बदलाव को रेखांकित करते हुए कहा कि यह सिर्फ आकार या आंकड़ों की कहानी नहीं है, बल्कि यह निवेशकों के भरोसे का प्रतीक है।

उन्होंने कहा, 'आज भारतीय शेयर बाजार क्या दर्शाता है? यह केवल आंकड़े या आकार नहीं, बल्कि विश्वास का प्रतिबिंब है।' मौजूदा स्थिति पर बात करते हुए उन्होंने बताया कि भारत में आज 5,900 से ज्यादा सूचीबद्ध कंपनियां हैं और 14 करोड़ से अधिक यूनिक निवेशक मौजूद हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में बाजार पूंजीकरण लगभग 15 प्रतिशत की सालाना दर (सीएजीआर) से बढ़ा है, जबकि म्यूचुअल फंड की संपत्ति हर साल 20 प्रतिशत से ज्यादा की दर से बढ़ी है। इसके अलावा, कॉरपोरेट बॉन्ड बाजार भी लगातार बढ़ रहा है और हर साल प्राथमिक बाजार के जरिए करीब 10 लाख करोड़ रुपए की पूंजी जुटाई जाती है। पांडे ने आगे यह भी कहा कि भारतीय बाजार अब वैश्विक पूंजी प्रवाह से ज्यादा जुड़ते जा रहे हैं, जिससे वे अधिक गतिशील तो बन रहे हैं, लेकिन साथ ही जोखिम भी बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे बदलते माहौल में नियमों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।



## भारत और न्यूजीलैंड के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से पहले पीयूष गोयल ने टॉड मैक्ले का स्वागत किया

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 अप्रैल।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड के ट्रेड और इन्वेस्टमेंट मंत्री टॉड मैक्ले का भारत में स्वागत किया। यह स्वागत दोनों देशों के बीच होने वाले फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर 27 अप्रैल को साइन होने से पहले किया गया। मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि उन्हें टॉड मैक्ले का भारत में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है, क्योंकि इससे भारत और न्यूजीलैंड के आर्थिक रिश्तों में एक नया अध्याय शुरू हो रहा है।

उन्होंने कहा कि 27 अप्रैल 2026 को होने वाले भारत-न्यूजीलैंड एफटीए साइनिंग से पहले यह दौरा दोनों देशों के भरोसे, साझा मूल्यों और आर्थिक विकास के एक जैसे विजन को दिखाता है। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने पहले ही कहा था कि इस समझौते से दोनों देशों को व्यापार बढ़ाने और बाजार तक बेहतर पहुंच मिलने में फायदा होगा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'हम सोमवार को भारत के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट साइन करेंगे।' एक वीडियो संदेश में लक्सन ने बताया कि इस समझौते से न्यूजीलैंड के एक्सपोर्टर्स को भारतीय बाजार में बेहतर पहुंच मिलेगी, खासकर उन कंपनियों को जो नावों में इस्तेमाल होने वाले मरीन जेट सिस्टम बनाती हैं और जिन्हें 70 से ज्यादा देशों में भेजा जाता है। उन्होंने कहा कि इस डील से व्यापार में आने वाली रुकावटें कम होंगी और दोनों देशों के बीच कारोबारी संबंध मजबूत होंगे।

लक्सन ने यह भी बताया कि अभी कुछ एक्सपोर्टर्स को भारत में सामान भेजते समय टैक्स (टैरिफ) देना पड़ता है, लेकिन इस समझौते से धीरे-धीरे ये शुल्क कम होंगे, जिससे व्यापार आसान और ज्यादा प्रतिस्पर्धी बनेगा। उन्होंने कहा कि इस एफटीए से न्यूजीलैंड में व्यापार, रोजगार और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। लक्सन के मुताबिक इससे ज्यादा नौकरियां, बेहतर वेतन और नए अवसर मिलेंगे।

## दक्षिण कोरिया-भारत शिखर सम्मेलन में आर्थिक साझेदारी पर लगी मुहर, 2030 तक 50 अरब डॉलर व्यापार का लक्ष्य



**सियोल, यूटर्न/ 25 अप्रैल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग भारत और वियतनाम की अपनी दो-देशों की यात्रा से स्वदेश लौट आए हैं, जहां उन्होंने मध्य-पूर्व संघर्ष से उत्पन्न अनिश्चितताओं से निपटने के लिए ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखलाओं में रणनीतिक सहयोग के विस्तार पर ध्यान केंद्रित किया है।

योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, ली ने दोनों देशों के नेताओं के साथ शिखर सम्मेलन आयोजित करने के बाद अपनी छह-दिवसीय यात्रा समाप्त की, जिसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को और गहरा करना था।

सोमवार को, ली ने नई दिल्ली में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन आयोजित किया और महत्वपूर्ण खनिजों, ऊर्जा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), वित्त और जहाज निर्माण सहित अन्य क्षेत्रों में आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। दोनों पक्षों ने अपने 'व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते' को अपग्रेड करने के लिए बातचीत में तेजी लाने का भी संकल्प लिया।

## होर्मुज पर अमेरिकी घेराबंदी: ईरान पर दबाव, वैश्विक ऊर्जा बाजार में हड़कंप

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 अप्रैल।**



पश्चिम-एशिया में तनाव चरम पर पहुंच गया है। अमेरिकी नौसेना ने समुद्री प्रतिबंधों को लागू करने के लिए 24 अप्रैल को एक ईरानी झंडे वाले जहाज को रोक दिया। यह कार्रवाई अप्रैल की शुरुआत से चल रही ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी रणनीति का हिस्सा है, जिसने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर गहरा असर डाला है। यूनाइटेड स्टेट्स सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के अनुसार, अमेरिकी गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर यूएसएस राफेल पेराल्टा ने ईरान के एक बंदरगाह की ओर बढ़ रहे जहाज को रोका। यह कदम अमेरिकी प्रतिबंधों को कड़ाई से लागू करने के उद्देश्य से उठाया गया है। अप्रैल की शुरुआत से ही अमेरिका ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी को सख्त कर रहा है, जिसके तहत अब तक दर्जनों जहाजों को या तो रोका गया है या उन्हें वापस लौटा दिया गया है। इस नाकेबंदी का सीधा असर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर दिख रहा है, जो सामान्यतः एक बेहद व्यस्त समुद्री मार्ग है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, 22-23 अप्रैल के बीच इस रास्ते से सिर्फ सात जहाज गुजर पाए, जिनमें से छह ईरान से संबंधित व्यापार में शामिल थे। यह मार्ग वैश्विक तेल और एलएनजी आपूर्ति का लगभग 20 फीसदी वहन करता है, जिससे वैश्विक ऊर्जा बाजार में एक तरह के संकट की आशंका बढ़ गई है। अमेरिका और ईरान के बीच टकराव लगातार बढ़ रहा है।




# कुत्ते को बालकनी में बांधने वाला मालिक दोषी फरीदाबाद कोर्ट का 15 महीने में फैसला

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 25 अप्रैल।** सेक्टर-82 स्थित पुरी प्रणायम सोसायटी में पालतू कुत्ते को भीषण गर्मी में बांधकर रखने के मामले में अदालत ने आरोपी मालिक को 24 अप्रैल को दोषी करार दिया। अदालत ने 1050 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।इस मामले में 20 जून 2024 को बीपीटीपी थाना पुलिस ने पीपल फॉर एनिमल यूनिट की हेड वृंदा शर्मा की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की थी। घटना के अनुसार, आरोपी दीपक शर्मा ने अपने पालतू कुत्ते को तपती धूप में एक छोटी सी बालकनी में बांध रखते थे। सूचना मिलने पर पहुंची टीम ने पुलिस की सहायता से कुत्ते को रेस्क्यू किया था। आरोप है कि उस दौरान आरोपी ने टीम के साथ दुर्व्यवहार किया था।पुलिस ने जांच पूरी कर आरोपी के खिलाफ अदालत में चालान पेश किया। शुरूआत में यह मामला पशु क्रूरता अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत दर्ज था, लेकिन बाद में अदालत ने इसमें आईपीसी की धारा 429 भी जोड़ दी थी।

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जितेंद्र सिंह की अदालत में 22 जनवरी 2025 को इस मामले की सुनवाई शुरू हुई। करीब 15 महीने तक चली कानूनी प्रक्रिया और छह सुनवाइयों के बाद आरोपी दीपक शर्मा ने अदालत के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।

# करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह के दो आरोपी गिरफ्तार

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 25 अप्रैल।**

सिलोखरा गांव स्थित अपर्णा आश्रम की जमीन के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी मामले में कार्रवाई करते हुए आर्थिक अपराध शाखा-1 ने दो आरोपी 23 अप्रैल को नोएडा के सेक्टर-62 से गिरफ्तार किए हैं। आरोपियों ने झूठे दस्तावेज व फर्जी परियोजनाओं का झांसा देकर निवेश कराकर सेलिंग राइट्स के नाम पर धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया था।

सेक्टर-40 थाने में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आर्थिक अपराध शाखा-1 की पुलिस कार्रवाई कर रही है। आरोपियों की पहचान दिल्ली के गौतम नगर निवासी अशोक चौधरी (60) और गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) के बृज विहार निवासी चंद्रकांत चौधरी (40) के रूप में हुई है। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि वे सीकेसी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक हैं। उन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से फर्जी रियल एस्टेट परियोजनाओं के नाम पर शिकायतकर्ता को झांसा देकर निवेश के रूप में करोड़ों रुपये प्राप्त किए। आरोपियों द्वारा अपर्णा आश्रम की जमीन पर परियोजना के नाम पर करीब एक करोड़ रुपये और वैशाली (नोएडा) स्थित परियोजना में निवेश के नाम पर करीब 4.50 करोड़ रुपये प्राप्त किए गए।



□ आरोपियों द्वारा अपर्णा आश्रम की जमीन पर परियोजना के नाम पर करीब एक करोड़ रुपये और वैशाली (नोएडा) स्थित परियोजना में निवेश के नाम पर करीब 4.50 करोड़ रुपये प्राप्त किए गए।

इस राशि में करीब एक करोड़ रुपये सीकेसी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के बैंक खाते में ट्रांसफर करवाए गए थे। बाद में आरोपियों ने उक्त राशि को आपस में बांट लिया था। आरोपियों ने उक्त राशि प्राप्त कर न तो समझौते के अनुसार सेलिंग राइट्स दिए और न ही कोई वैध कार्रवाई की। अपर्णा आश्रम सिलोखरा की जमीन विवादित होने के बावजूद परियोजनाओं के नाम पर निवेश करवाकर शिकायतकर्ता को गुमराह किया और धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया।

शिकायतकर्ता ने 15 अप्रैल को पुलिस को लिखित शिकायत में बताया कि सीकेसी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक अशोक चौधरी व चंद्रकांत चौधरी और उनके अन्य साथियों ने धोखाधड़ी की है। अपर्णा आश्रम सिलोखरा (गुरुग्राम) व वैशाली में कथित रियल एस्टेट परियोजनाओं में निवेश के नाम पर झूठे दस्तावेज व सेलिंग राइट्स के झूठे आश्वासन देकर अलग-अलग समय पर निवेश कराया गया। भुगतान के बावजूद न तो कोई वैध एग्रीमेंट किया गया, न परियोजना पर कोई कार्य शुरू किया गया और न ही समझौते के अनुसार सेलिंग राइट्स दिए गए। बाद में शिकायतकर्ता को पता चला कि संबंधित जमीन विवादित है और प्रशासन के कब्जे में है।

दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करके चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से उनके अन्य साथियों व बैंक खातों के बारे में पूछताछ की जाएगी। वहीं, धोखाधड़ी करके ट्रांसफर कराई गई राशि को भी बरामद किया जाएगा।

**राजबीर, एसआई, आर्थिक अपराध शाखा-1, गुरुग्राम**

# भाई ने आईफोन नहीं दिलाया तो युवक ने तमंचा से गोली मारी , मौत

» **लोनी, यूटर्न/ 25 अप्रैल।**

ट्रॉनिका सिटी क्षेत्र के पावी सादकपुर निवासी सादीन (20) ने घर में ही तमंचा से सीने में गोली मार ली। दिल्ली स्थित निजी अस्पताल से गंगाराम अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। मामला 23 अप्रैल की देर रात का है। पुलिस की शुरूआती जांच में सादीन के भाई गुलफाम ने आईफोन न मिलने पर आत्महत्या करने की बात कही है। मौके से कोई सुसाइड नोट पुलिस को नहीं मिला है। पुलिस ने तमंचा कब्जे में लेकर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि बृहस्पतिवार रात डायल 112 पर गोली चलने की सूचना मिली थी। टीम मौके पर पहुंची तो वहां कोई नहीं था। जांच करने पर पता चला कि गोली सादीन को लगी है। परिवार के लोग घायल को अस्पताल लेकर गए हैं। पुलिस दिल्ली स्थित अस्पतल पहुंची और गुलफाम से बातचीत की। गुलफाम ने पुलिस को बताया कि उनका भाई सादीन बड़े भाई से लगातार आईफोन की मांग कर रहा था। जबकि बड़े भाई ने बकरा ईद और उसके बाद बहन तबस्सुम की शादी के बाद आईफोन दिलाने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद सादीन आईफोन की मांग को लेकर जिद पर अड़ा था। 23 अप्रैल की रात उसने गुस्से में तमंचा से सीने के बाई तरफ कंधे के नीचे गोली मार ली। आनन फानन घायल को दिल्ली के निजी अस्पताल ले कर पहुंचे। वहां पर कुछ देर इलाज के बाद चिकित्सकों ने उसे सर गंगाराम अस्पताल रेफर कर दिया और रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। गुलफाम ने बताया कि वह मां बानो और पांच भाई व एक बहन साथ रहते हैं। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।



मोबाइल फोन न मिलने से गुस्सा होने पर आत्महत्या करने की बात सामने आई है। तमंचा बरामद कर लिया गया है। उसके पास तमंचा कहां से आया इसकी जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### चार लाख से अधिक की ठगी में खाता उपलब्ध कराने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 25 अप्रैल।** साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने वर्क फ्रॉम होम के नाम पर 4,20,214 रुपये की ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मध्य प्रदेश के ग्वालियर निवासी मोहसिन के रूप में हुई है। आरोपी 10वीं पास है और पेशे से ऑटो चालक है, जिसने ठगों को अपना बैंक खाता उपलब्ध कराया था।पुलिस प्रवक्ता यशपाल के अनुसार नीमका निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि जुलाई 2024 में उसके व्हाट्सएप पर वर्क फ्रॉम होम का ऑफर आया था। उसे टेलीग्राम पर जोड़कर एक वेबसाइट के माध्यम से फीडबैक टास्क दिए गए। पीड़ित ने 31 टास्क पूरे करने के नाम पर अलग-अलग खातों में कुल 4,20,214 रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब उसने अपनी रकम निकालनी चाही, तो ठगों ने छह लाख रुपये की और मांग की, जिससे उसे ठगी का अहसास हुआ। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी मोहसिन के खाते में ठगी के 25 हजार रुपये प्राप्त हुए थे।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। फरीदाबाद पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे ऑनलाइन टास्क या घर बैठे पैसे कमाने के लुभावने ऑफर्स के झांसे में न आएं और किसी भी अनजान खाते में पैसे ट्रांसफर न करें।

### अधिकारी की गाड़ी से डॉलर चुरा ले गए बाइक सवार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 25 अप्रैल।** नीलम फ्लाईओवर पर गाड़ी पंक्चर होने के बाद हवा भरते समय मोटरसाइकिल सवारों ने एक कंपनी के अधिकारी का बैग चोरी कर लिया। बैग में लैपटॉप और करीब दो लाख रुपये से अधिक मूल्य की विदेशी मुद्रा (अमेरिकी और मैक्सिकन डॉलर) थी। यह घटना 23 अप्रैल की है। शिकायत पर थाना सेंट्रल पुलिस ने 24 अप्रैल को संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। भगत सिंह कॉलोनी निवासी मनोज कुमार एक कंपनी में अधिकारी हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह अपनी गाड़ी से ओल्ड फरीदाबाद प्लांट से किसी दूसरी कंपनी जा रहे थे। जब वह नीलम फ्लाईओवर पर पहुंचे, तो उनकी गाड़ी पंक्चर हो गई। वह नीचे उतरकर मशीन पंप से टायर में हवा भरने लगे, तभी मोटरसाइकिल सवार दो युवक उनकी गाड़ी से बैग उठाकर भाग निकले।

# ट्रेडिंग कंपनी का असिस्टेंट बनकर निवेश के नाम पर 95.65 लाख रुपये ठगे



» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 25 अप्रैल।**

साइबर जालसाजों ने चार्मवुड विलेज निवासी से शेयर बाजार में निवेश कराने के नाम पर 95.65 लाख रुपये ठग लिए। जालसाजों ने 10 फरवरी से 16 मार्च के बीच कई ट्रांजेक्शन में रुपये ट्रांसफर करवाए। पीड़ित की शिकायत पर साइबर अपराध थाना एनआईटी ने 23 अप्रैल को प्राथमिकी दर्ज की है। पीड़ित संजय चटर्जी के अनुसार उनके व्हाट्सएप पर सुरक्षा नामक युवती का मैसेज आया, जिसने खुद को प्रसिद्ध ट्रेडिंग कंपनी के मालिक की असिस्टेंट बताया। युवती ने उनको एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा जिसमें कंपनी का प्रतीक चिह्न और मालिक की फोटो लगी हुई थी। इसके बाद एक फर्जी लिंक भेजकर पीड़ित की आईडी बनवाई गई और निवेश के लिए प्रेरित किया गया। पीड़ित ने झांसे में आकर 10 ट्रांजेक्शन के माध्यम से 95.65 लाख रुपये निवेश कर दिए। जब पीड़ित ने रकम निकालनी चाही तो आरोपियों ने इनकार कर दिया। पीड़ित ने दिल्ली स्थित कंपनी के वास्तविक कार्यालय जाकर जांच की तो पता चला कि उन्होंने फर्जी लिंक के माध्यम से पैसा निवेश किया था। इसके बाद उन्होंने शिकायत दर्ज कराई।

# दोस्त के सिर में गोली मारने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 25 अप्रैल।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 की टीम ने 23 अप्रैल को अभय निवासी भीकम कॉलोनी को दोस्त के सिर में गोली मारने के मामले में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल यादव का कहना कि नेत्रपाल निवासी सुभाष कॉलोनी बल्लभगढ़ ने थाना शहर बल्लभगढ़ में दी अपनी शिकायत में बताया कि उसका लड़का योगेश, अपने दोस्त हर्ष के साथ 21 अप्रैल को अभय निवासी भीकम कालोनी के घर अनाज की टंकी भरवाने गया था। जहां पर अभय ने कट्टे से योगेश के सिर में गोली मार दी। अभय ने पूछताछ में बताया कि 21 अप्रैल को योगेश और हर्ष, उसके घर भीकम कॉलोनी में टंकी में अनाज भरवाने के लिए आये थे। अनाज भरवाने से पहले कमरे की सफाई करते समय अभय को एक कट्टा मिला गया। उस कट्टा से योगेश के सिर में गोली लग गई और मौत हो गई। आरोपी को पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड लिया गया है।

# मौनजारो इंजेक्शन मामले में कूरियर कंपनी निशाने पर

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 25 अप्रैल।**

नकली मौनजारो इंजेक्शन बनाने और सप्लाई करने के मामले में जांच के आधार पर कार्रवाई आगे बढ़ाते हुए आरोपी एबी शर्मा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भोंडसी जेल भेज दिया गया है। ड्रग कंट्रोल विभाग अब उस कूरियर कंपनी की पहचान में जुटा है, जिसके जरिए आरोपी यह इंजेक्शन लोगों तक पहुंचाता था।

विभाग ने संबंधित डेटा खंगालना शुरू कर दिया है और पार्सल डिलीवरी रिकॉर्ड की जांच तेज कर दी गई है। अधिकारियों के अनुसार, नेटवर्क की कड़ी जोड़ने के लिए कूरियर कंपनी की जानकारी जुटाई जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि एक डोज का असर लगभग एक महीने तक रहता है। इसी वजह से इस रैकेट का दायरा तेजी से फैलने की संभावना जताई जा रही है। जांच एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि इस अवैध कारोबार में और कौन लोग शामिल हैं, सप्लाई चैन कहां तक फैला हुआ है। ड्रग कंट्रोल विभाग पूरे नेटवर्क को ट्रेस कर सख्त कार्रवाई करने में जुटा हुआ है। जांच में सामने आया था कि चार इंजेक्शन को बेचे जा चुके थे, उन्हें वापस मंगा लिया गया है। आरोपी चीन की अलीबाबा साइट से कच्चा माल मंगाकर कूरियर के जरिए मंगाता था और नकली इंजेक्शन तैयार कर कूरियर के जरिए बेचते थे। 19 अप्रैल को 70 लाख का स्टॉक जब्त किया था।

## इंडियामार्ट से मांगा डेटा

इंडियामार्ट से मांगे गए डेटा को लेकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई शुरू की है और जांच तेज कर दी है। ट्रेडिंग कंपनी से संबंधित जानकारी मांगी गई है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इंजेक्शन कहां तक पहुंचा और इसमें कितना रुपये का निवेश किया था। इस डेटा से एजेंसियां जान रही हैं कि मामले में कौन लोग सीधे या परोक्ष रूप से शामिल थे और नेटवर्क कितना बड़ा है। जांच से यह भी स्पष्ट होगा कि रुपये का लेन-देन किन-किन माध्यमों से हुआ और किस स्तर तक नेटवर्क फैला।




□ अधिकारियों के अनुसार, नेटवर्क की कड़ी जोड़ने के लिए कूरियर कंपनी की जानकारी जुटाई जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि एक डोज का असर लगभग एक महीने तक रहता है।

इस मामले में आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जांच आगे बढ़ाते हुए संबंधित कूरियर कंपनी की पहचान की जा रही है। इसके अलावा इंडियामार्ट से भी जरूरी डेटा मांगा गया है ताकि पूरे नेटवर्क और लेन-देन की कड़ी को स्पष्ट किया जा सके।

**अमनदीप चौहान, जिला ड्रग कंट्रोल अधिकारी**



दक्षिण चीन के हैनान प्रांत के सान्या में 6वें एशियन बीच गेम्स में महिलाओं के लॉन्ग जंप फाइनल के दौरान मुकाबला करती चीन की ली झिशुआंग।

# आईपीएल 2026 के प्लेऑफ में अब भी पहुंच सकती है मुंबई इंडियंस

जीतने होंगे बचे हुए सभी लीग मैच

» **मुम्बई , यूटर्न/ 25 अप्रैल।**



मुम्बई इंडियस टीम के लिए आईपीएल का 19 वां सत्र अब तक अच्छा नहीं रहा है और उसे अपने सात में से पांच मेचों में हार का सामना करना पड़ा है।ऐसे में उसके प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाओं को लेकर सवाल भी उठ रहे हैं। टीम को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ पिछले मैच में 103 रनों से हार का सामना करना पड़ा है।इससे उसका नेट रन रेट भी कम हुआ है और टीम मुश्किलों में नजर आ रही है टीम के अब तक केवल दो जीत के साथ ही 4 अंक मिले हैं और वह अंकतालिका में आठवे नंबर पर है हालांकि इसके बाद भी उसके प्ले ऑफ में पहुंचने की संभावनाएं समाप्त नहीं हुई हैं। इसके लिए उसे बचे हुए अपने सभी सात मैच जीतने होंगे। आईपीएल 2026 के प्लेऑफ में पहुंचने के लिए किसी भी टीम को लीग स्टेज में कम से कम 14 अंक की जरूरत होती है। इस 14 अंक के साथ उसे अपना रन रेट भी बेहतर रखना होता है। वहीं अगर कोई टीम 14 से ज्यादा अंक हासिल करती है तो फिर उसके लिए प्लेऑफ की राह आसान हो जाती है। मुंबई के अभी 4 अंक हैं और उसका रनरेट -0.736 है। वहीं उसे इस सत्र में अभी 7 लीग मैच और खेलने हैं। ऐसे में उसे प्लेऑफ में पहुंचने सभी मैच जीतने होंगे। मुंबई की टीम अग अगर सभी मैच जीतती है तो उसके 18 अंक हो सकते हैं और वह अंक तालिका में शीर्ष-2 में पहुंच सकती है। वहीं टीम को प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाओं को बनाये रखने के लिए कम से कम 5 मैचों में बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। ऐसे में अगर मुंबई की टीम किसी तरह 14 अंक तक पहुंच भी जाती है तब उसे रनरेट के मामले में परेशानी हो सकती है।



## एकता कपूर ने बढ़ाई फैंस की उत्सुकता

एक बार फिर कंटेंट क्वीन एकता कपूर ने अपने लोकप्रिय वेब सीरीज 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल' के नए सीजन का संकेत देकर फैंस के बीच उत्सुकता का स्तर बढ़ा दिया है।एकता ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने सीधे दर्शकों से सवाल पूछा, क्या हमें एक और सीजन बनाना चाहिए? और इस बार कपल कौन होना चाहिए? इस सवाल के बाद इंटरनेट पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई, जिसमें हर कोई अपनी पसंदीदा जोड़ी का सुझाव देने लगा। 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल' अपनी गहरी भावनात्मक कहानियों और वास्तविक प्रेम कथाओं के कारण दर्शकों के दिलों में पहले ही एक विशेष स्थान बना चुकी है। हर सीजन में नए चेहरे, एक अनूठी कहानी और दिल को छू लेने वाला रोमांस इस सीरीज की सबसे बड़ी ताकत रही है। अब जब नए सीजन का संकेत मिला है, तो फैंस को एक बार फिर उसी इमोशनल रोलरकोस्टर की उम्मीद है, जिसने पहले भी उन्हें अपनी तरफ खींचा था। एकता कपूर का यह अंदाज, जहां वह सीधे अपनी ऑडियंस से कास्टिंग के सुझाव मांगती हैं, यह दर्शाता है कि वह डिजिटल युग की नब्ज को कितनी अच्छी तरह समझती हैं। आज के समय में जब दर्शक केवल सामग्री नहीं, बल्कि उसमें अपनी भागीदारी भी चाहते हैं।

## आरसीबी आक्रामक अंदाज में खेलती रहेगी: बोबाट

» **बेंगलुरु, यूटर्न/ 25 अप्रैल।**



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के क्रिकेट निदेशक मो बोबाट ने कहा है कि उनकी टीम इस सत्र में आगे भी आक्रामक रणनीति से ही खेलती रहेगी। बोबाट ने कहा कि कप्तान रजत पाटीदार के नेतृत्व में टीम जिस प्रकार से आगे बढ़ रही है उससे हम सभी उत्साहित हैं। कप्तान टीम की सभी योजनाओं को बेहतर तरीके से अमल में लाने में सफल हुए हैं। बोबाट ने कहा कि टीम के सभी खिलाड़ी निडर होकर खेल रहे हैं और इसी कारण टीम को आगे भी सफल होने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि हम आक्रामक क्रिकेट ही खेलते रहो मैं चाहता हूं कि हम साहसी बनें। बोबाट ने विशेष रूप से उन अवसरों पर ध्यान देने को कहा है जब साहस की सबसे अधिक जरुरत होती है। उनके अनुसार, ऐसे मौकों पर साहसी बनें जब सच में हिम्मत की जरूरत हो। जब मैच दांव पर लगा हो या हालात थोड़े कठि हो जाएं, अगर हम हर दौर में आक्रामक और साहसी बने रहें तो मुझे लगता है कि हम वैसा ही खेलेंगे जैसा हम खेलना चाहते हैं। यह टीम को हर प्रकार के हालातों में चाहे वह दबाव भरे हो या चुनौतीपूर्ण, अपनी स्वाभाविक आक्रामक शैली से न हटने को प्रेरित करता है।

बोबाट ने पाटीदार को इस आक्रामक सोच का एक प्रमुख उदाहरण बताया। उन्होंनें कहा कि पाटीदार टीम की रणनीति पर बने रहे हैं और मैदान पर लगातार आक्रामक तरीके से फैसले लेते रहे हैं। उन्होंनें कहा, हम अपनी रणनीति में आक्रामक तरीकों को प्राथमिकता देते हैं पर मैदान पर रजत को अपने फैसले स्वयं लेते हैं और वह इसमें काफी कुशल हो गये हैं। । पाटीदार की सबसे बड़ी खासियत उनका शांत स्वभाव है जिससे उनपर दबाव नहीं पड़ता है।।जब हालात थोड़े मुश्किल हो जाते हैं तो वह शांत रहने और अपनी सोची हुई योजनाओं पर टिके रहते हैं।

# बॉलीवुड में ग्लेमर का तड़का



KIYARA ADVANI



SONAM BAJWA

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## फटाफट खबरें

### ईरानी विदेश मंत्री अराघची इस्लामाबाद पहुंचे, अमेरिका से वार्ता से इनकार

**इस्लामाबाद, यूटर्न/ 25 अप्रैल।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची शुक्रवार देर रात पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पहुंचे। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब क्षेत्र में कूटनीतिक गतिविधियां तेज हो रही हैं और अमेरिका के दूतों की पाकिस्तान पहुंचने की तैयारी चल रही है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के अनुसार, श्री अराघची का स्वागत उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार तथा रक्षा बल प्रमुख आसिम मुनीर ने किया। बयान में कहा गया है कि ईरानी विदेश मंत्री अपनी यात्रा के दौरान पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर क्षेत्रीय हालात और शांति प्रयासों पर चर्चा करेंगे। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब ईरान और अमेरिका के बीच तनाव बना हुआ है और संघर्षविराम औपचारिक रूप से जारी है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया है कि इस दौरे के दौरान अमेरिका के साथ किसी भी प्रकार की वार्ता प्रस्तावित नहीं है और ईरान अपने विचार पाकिस्तान को अवगत कराएगा।

### ट्रंप ने ईरानी नेताओं की हत्या का किया समर्थन

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 25 अप्रैल।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उनके देश के साथ समझौते के पक्ष में न होने वाले ईरानी नेताओं की हत्या का समर्थन किया है। वाशिंगटन पोस्ट के स्तंभकार मार्क थीसेन ने 'एक्स' पर एक संदेश पोस्ट किया, जिसमें कहा गया है कि जो ईरानी नेता अमेरिका के साथ समझौते के पक्ष में नहीं हैं, उनकी हत्या कर दी जानी चाहिए। बाद में श्री ट्रंप ने इस संदेश को ट्रुथ सोशल पर साझा किया। थीसेन के संदेश में कहा गया, ' अगर ईरान में दो धड़े हैं, जिनमें से एक समझौता चाहता है और दूसरा नहीं, तो समझौता न चाहने वाले नेताओं को हमें मार देना चाहिए। श्री ट्रंप के इस संदेश को साझा किये जाने पर ईरान ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने इसे 'गंभीर नैतिक पतन का प्रमाण' बताया। प्रवक्ता ने कहा कि इस प्रकार के संदेश का समर्थन यह दर्शाता है कि अमेरिका अपने घोषित मूल्यों से हटकर हिंसा और उग्रवाद को बढ़ावा दे रहा है।

### इस्लामाबाद में अमेरिका से कोई बैठक प्रस्तावित नहीं: ईरान

**तेहरान, यूटर्न/ 25 अप्रैल।** ईरान ने स्पष्ट किया है कि अमेरिका के साथ इस्लामाबाद में किसी भी प्रकार की बैठक प्रस्तावित नहीं है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने कहा, ' ईरान और अमेरिका के बीच कोई बैठक निर्धारित नहीं है। ईरान अपने विचार पाकिस्तान को अवगत कराएगा। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्री अब्बास अराघची आधिकारिक यात्रा पर इस्लामाबाद पहुंचे हैं, जहां वह पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। यह दौरा क्षेत्र में शांति बहाली और जारी तनाव पर परामर्श के उद्देश्य से किया जा रहा है। श्री अराघची की यह यात्रा उनके क्षेत्रीय दौरे का हिस्सा है, जिसमें इस्लामाबाद के साथ मस्कट और मॉस्को भी शामिल हैं। इस दौरान क्षेत्रीय घटनाक्रम और मौजूदा संघर्ष की स्थिति पर चर्चा की जा रही है। इस बीच, अमेरिका की ओर से विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जैरेड कुशनर को पाकिस्तान भेजे जाने की बात कही गयी है। उप राष्ट्रपति जेडी वांस इस यात्रा में शामिल नहीं होंगे।

# ईरान और अमेरिका के बीच फिर से बनी संवाद की संभावना , पर सीधी बातचीत से इनकार

» **न्यूयॉर्क, यूटर्न/ 25 अप्रैल।**



ईरान और अमेरिका एक बार फिर बातचीत के लिए तैयार नजर आ रहे हैं, हालांकि इस बार वे सीधे नहीं बल्कि दूरी बनाए रखते हुए और दूसरे स्तर के प्रतिनिधियों के जरिए संवाद कर सकते हैं। ईरान से एक प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान पहुंच चुका है, जबकि अमेरिकी दल के शनिवार को वहां पहुंचने की उम्मीद है। ईरान ने अमेरिका के साथ बातचीत में शामिल होने से मना कर दिया था, जिसकी वजह से पिछले हफ्ते दोनों पक्षों के बीच दूसरे राउंड की वार्ता नहीं हो पाई। हालांकि, बाद में ईरान ने फिर से बातचीत आगे बढ़ाने की कोशिश की।

एक तरफ भीषण तनाव की वजह से तेहरान ने होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर दिया है और दूसरी तरफ अमेरिका ने ईरान के पोर्ट को ब्लॉक कर दिया है। वैसे तो दोनों पक्षों के बीच सीजफायर को लेकर हलचल देखने को मिल रही है, लेकिन इस बीच में अमेरिका ने ईरानी जहाजों पर हमला करके कब्जा कर लिया है। वहीं, तेहरान ने भी जहाजों पर हमला करके उन्हें कब्जा कर लिया है। ईरान ने जिन जहाजों पर कब्जा किया है, उनमें दुबई से भारत जा रहा एक जहाज भी शामिल है।

ईरान ने नाकाबंदी के दौरान अमेरिका के साथ बातचीत करने से मना कर दिया था, हालांकि सीजफायर के मुद्दे पर बातचीत करने के लिए ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची शुक्रवार को इस्लामाबाद पहुंचे। ऐसा कहा जा रहा है कि यह पाकिस्तान, ओमान और रूस के साथ बातचीत के एक दौर का हिस्सा है।

दूसरी तरफ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर और खास दूत स्टीव विटकॉफ भी इस्लामाबाद पहुंचेंगे। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने उनके बीच सीधी मीटिंग से मना कर दिया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक्स पर बाघेई ने लिखा, 'ईरान और अमेरिका के बीच कोई मीटिंग होने का प्लान नहीं है। ईरान के ऑब्जर्वेशन पाकिस्तान को बताए जाएंगे।' इसका मतलब है कि अमेरिका के साथ सीधी बातचीत के बजाय, ईरान अपना पक्ष पाकिस्तान को बताएगा और दोनों पक्ष पाकिस्तानी बिचौलियों के जरिए बातचीत कर सकते हैं। जेनेवा में दोनों पक्षों के बीच इनडायरेक्ट बातचीत हुई थी, जो फेल हो गई थी। जेनेवा में हुई इस इनडायरेक्ट बातचीत में ओमान के विदेश मंत्री सैय्यद बद्र बिन हमद अल बुसैदी ने मध्यस्थता का काम किया था।

## अमेरिका में चीन से जुड़े कॉपर डील पर बवाल, सीनेटर्स ने सुरक्षा पर उठाए बड़े सवाल


» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 25 अप्रैल।**

अमेरिका में चीन से जुड़े एक कॉपर (तांबा) खनन सौदे को लेकर राजनीतिक हलकों में चिंता बढ़ गई है। वरिष्ठ डेमोक्रेट सीनेटर्स ने इस डील को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए इसकी जांच की मांग की है।

अमेरिकी सीनेटर मैक्सिन वाटर्स समेत चार वरिष्ठ नेताओं ने अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट को पत्र लिखकर इस मामले की समीक्षा कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका में विदेशी निवेश पर समिति (सीएफआईयूएस) को तुरंत इस सौदे की जांच करनी चाहिए। मामला एरिजोना में संघीय जमीन के हस्तांतरण से जुड़ा है, जिसे रिजॉल्यूशन कॉपर माइनिंग एलएलसी को दिया जा रहा है। सीनेटर्स का कहना है कि इस जमीन में अमेरिका के सबसे बड़े अविकसित तांबा भंडारों में से एक मौजूद है, और इसे ऐसे समूह को देना, जिसके चीन से मजबूत कारोबारी संबंध हैं, जोखिम भरा है।

## कूटनीतिक दल के साथ विदेशी दौरे पर रहेंगे अराघची , ताजा परिस्थितियों पर होगी चर्चा

» **तेहरान, यूटर्न/ 25 अप्रैल।**



ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद की अपनी यात्रा के दौरान अमेरिका और इजरायल के साथ तनाव खत्म करने को लेकर ईरान की सोच और सुझाव वहां पहुंचाएंगे। यह जानकारी अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी 'तस्नीम'ने दी है। रिपोर्ट के अनुसार, अराघची एक कूटनीतिक दल के साथ पाकिस्तान, ओमान और रूस का दौरा करेंगे। इन यात्राओं का उद्देश्य इन देशों के साथ आपसी मुद्दों पर बेहतर तालमेल बनाना और क्षेत्र में चल रही ताजा परिस्थितियों पर चर्चा करना है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, अराघची अपनी इस यात्रा के दौरान अमेरिकी अधिकारियों से कोई बातचीत नहीं करेंगे। तस्नीम के अनुसार, ओमान की राजधानी मस्कट में वे क्षेत्रीय मुद्दों और युद्ध से जुड़े विषयों पर चर्चा करेंगे, जबकि रूस में वे द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय हालात पर बातचीत करेंगे।

अराघची ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पर एक पोस्ट के माध्यम से अपनी यात्रा पर टिप्पणी करते हुए लिखा कि वे इस्लामाबाद, मस्कट और मॉस्को की यात्रा पर जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मेरी इन यात्राओं का उद्देश्य द्विपक्षीय मामलों पर हमारे साझेदारों के साथ घनिष्ठ समन्वय स्थापित करना और क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर परामर्श करना है। हमारे पड़ोसी हमारी प्राथमिकता हैं।' तस्नीम ने यह भी बताया कि ईरान की फिलहाल अमेरिका के साथ बातचीत करने की कोई योजना नहीं है और अराघची की इस्लामाबाद यात्रा का उद्देश्य अमेरिकी पक्ष के साथ बातचीत करना नहीं है। ईरान के सरकारी टीवी आईआरआईबी के अनुसार, अराघची की अमेरिका से मिलने की कोई योजना नहीं है, लेकिन इस्लामाबाद एक संपर्क माध्यम के रूप में ईरान की बात को आगे पहुंचाएगा। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि अराघची के नेतृत्व में ईरानी प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार रात पाकिस्तान पहुंच चुका है। 28 फरवरी को इजरायल और अमेरिका ने तेहरान और ईरान के अन्य शहरों पर संयुक्त हमला किया था, जिसमें उस समय के ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई, कई वरिष्ठ कमांडर और आम नागरिक मारे गए थे। इसके जवाब में ईरान ने इजरायल और मध्य पूर्व में मौजूद अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए।

## इंडो-पैसिफिक 21वीं सदी का निर्णायक क्षेत्र, प्रतिरोध बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता: एडमिरल पैपारो

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 25 अप्रैल।**



अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड के प्रमुख एडमिरल सैमुअल पैपारो ने लॉ-मेकर्स से कहा है कि इंडो-पैसिफिक '21वीं सदी का निर्णायक रणनीतिक क्षेत्र' है। इसके साथ उन्होंने चेतावनी दी है कि वाशिंगटन को इस क्षेत्र में बढ़ती चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए गठबंधन, अग्रिम सैन्य उपस्थिति और तकनीकी लाभ के माध्यम से प्रतिरोध को बनाए रखना चाहिए।

इस सप्ताह कांग्रेस की सुनवाई के दौरान, पैपारो ने कहा कि क्षेत्र में प्रतिरोध क्षमता निरंतर अभियानों और सहयोगियों के साथ समन्वय पर निर्भर करती है और यह हमारा सर्वोच्च कर्तव्य है। उन्होंने कहा, 'हम गतिशील युद्ध शक्ति के साथ प्रतिरोध क्षमता विकसित करते हैं और प्रतिदिन सभी क्षेत्रों में अभियान चलाते हैं।' पैपारो ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते सहयोग का हवाला देते हुए कहा, 'हमारे सहयोगी और साझेदार हमारी युद्ध क्षमता और सामर्थ्य को बढ़ाते हैं और प्रतिरोध क्षमता को मजबूत करते हैं।' भारत की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नई दिल्ली के साथ सैन्य संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। यह एक प्राथमिकता वाला सहयोग बना हुआ है, जो प्रमुख क्षेत्रीय साझेदारों के साथ संबंधों को गहरा करने के लिए वाशिंगटन के व्यापक प्रयासों को दर्शाता है। पैपारो ने चेतावनी दी कि चीन का दृष्टिकोण पारंपरिक सैन्य विस्तार से कहीं आगे जाता है। उन्होंने 'सूचना संचालन,' दबाव और कानूनी दांव-पेच जैसी रणनीतियों का हवाला दिया, जिनका उद्देश्य प्रत्यक्ष संघर्ष के बिना क्षेत्रीय व्यवस्था को नया रूप देना है।

## नेपाल के पत्रकारों के समूह ने भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री से की मुलाकात

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 अप्रैल।**



नेपाल और भारत की सीमा पर इन दिनों हलचल बढ़ी हुई है। बालेंद्र शाह के नेतृत्व में नेपाल में भारत से आने वाले सामान पर कस्टम ड्यूटी को लेकर जो नए नियम लागू किए हैं, उससे लोगों में काफी नाराजगी है। नेपाल में बालेंद्र शाह सरकार के खिलाफ बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इस बीच नेपाल के पत्रकारों के एक समूह ने भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री से मुलाकात की।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी, 'नेपाल के पत्रकारों के एक समूह ने विदेश सचिव विक्रम मिस्री से बातचीत की। विदेश सचिव ने समूह को भारत और नेपाल के बीच कई तरह की साझेदारी में हुई बड़ी तरक्की और भविष्य के लिए इसके अच्छे नजरिए के बारे में बताया।'

प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह के इस नए फैसले के बाद से सीमावर्ती इलाके में रह रहे लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। बीते दिन कुछ तस्वीरें सामने आई, जिसमें नेपाल-भारत की सीमा पर लोगों के सामान की जांच की जा रही थी।

वहीं इस मामले पर भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से बयान भी सामने आया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसावल ने कहा, 'हमें नेपाल के अधिकारियों की तरफ से एक मौजूदा नियम को लागू किए जाने की रिपोर्ट की जानकारी मिली है। इसके तहत सीमा पार करने वाले यात्रियों से कस्टम ड्यूटी ली जाती है, यदि वे भारत में खरीदे गए 100 नेपाली रुपया से अधिक मूल्य का सामान अपने साथ ले जा रहे हों। हम समझते हैं कि नेपाल की सरकार ने यह कदम मुख्य रूप से अनौपचारिक व्यापार और तस्करी पर रोक लगाने के उद्देश्य से उठाया है।' इसके साथ ही विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि हमने नेपाल के एक वरिष्ठ अधिकारी का बयान देखा है, निजी इस्तेमाल के लिए घरेलू सामान ले जा रहे लोगों को नहीं रोका जाएगा। बालेंद्र शाह सरकार के इस फैसले से जनता में भयंकर आक्रोश देखने को मिल रहा है। द संडे गार्डियन के अनुसार, यह विवाद केवल एक फैसले को लेकर नहीं हो रहा है, बल्कि आर्थिक फैसलों, गवर्नेंस की चिंताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों ने लोगों की नाराजगी को हवा दी है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *